# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

# Central University of Haryana

## NAAC Accredited 'A' Grade University




# NEWSLETTER

October-December 2023 Vol.7 Issue:7





एक कदम स्वच्छता की ओर

'शिक्षित बेटी-सुरक्षित बेटी'

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
संसद के अधिनियम 25 (2009) के तहत स्थपित
नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
महेन्द्रगढ़ - 123031(हरियाणा), भारत

**Central University of Haryana**
Established vide Act No. 25 (2009) of Parliament
NAAC Accredited 'A' Grade University
Jant-Pali, Mahendergarh (Haryana)-123031

प्रो॰ (डॉ॰) टंकेश्वर कुमार, कुलपति
Prof. (Dr.) Tankeshwar Kumar, Vice-Chancellor

# कुलपति की कलम से...



इस वर्ष का यह अंतिम न्यूजलेटर आप सभी के समक्ष प्रकाशित करते हुए मैं आश्वस्त हूँ कि इस साल के निर्धारित किए गए लक्ष्यों को हमने अधिकांशतः पा लिया है और शेष की ओर हम अपनी सम्पूर्ण शक्ति से लगे हुए हैं। यह साल पूर्ण होते-होते हमने जो एक आदर्श विश्वविद्यालय का सपना सँजोया हुआ है, उसके मूर्त रूप की ओर एक और कदम बढ़ा लिया है। इस वर्ष हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी उपलब्धियों में बढ़ोत्तरी करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर को प्राप्त किया है। इस सेंटर के माध्यम से देश भर के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिससे वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु स्वयं को तैयार कर सकेंगे। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान, भारत मंडपम में आयोजित "इंडियन मोबाइल कांग्रेस 2023" के दौरान हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को '5G यूज केस लैब' से पुरस्कृत किया। निश्चय ही यह प्रयोगशाला विश्वविद्यालय के संसाधनों को समृद्ध करेगी। विश्वविद्यालय से प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जुड़ा प्रत्येक जन इस विश्वविद्यालय को बहुत आशा एवं उम्मीद भरी नजरों से देखता है। उनके अध्ययन, शोध एवं किसी भी प्रकार के शैक्षणिक कार्य में संसाधन एवं सुविधाओं की कोई कमी न रहे, इस हेतु मैं निरंतर प्रयासरत रहता हूँ। सब ओर से सम्पन्न रहकर ही हम अपने ध्येय एवं लक्ष्यों की ओर कुशलता से बढ़ पाएंगे। इसका परिणाम हम समय-समय पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान व अकादमिक कार्यों में हासिल हो रहे नए-नए आयामों के रूप में देख भी सकते हैं। हमारे लिए कितने हर्ष एवं प्रेरणा का विषय है कि विश्वविद्यालय की प्रो. पायल कंवर चंदेल को समाज उत्थान की दिशा में किए गए उनके उल्लेखनीय प्रयासों हेतु 7वें डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड, 2023 से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय का प्रत्येक छात्र, शोधार्थी एवं शिक्षक जिस तल्लीनता से अपने कार्य के साथ-साथ अन्य सामाजिक गतिविधियों में लगा है, उस से मैं अभिभूत हूँ। विश्वविद्यालय की दो छात्रएं आगामी गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में हिस्सा लेंगी। यह प्रदेश एवं विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। मूल्यों को संजोए रखने की परंपरा का निर्वहन करते हुए हमने इस वर्ष मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रमों को अपनाया है। अबकी बार विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा के स्थापना दिवस को मनाते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को 'दोहान-उत्सव' नाम दिया गया, जो दक्षिण हरियाणा एवं विश्वविद्यालय के बीचों बीच से बह रही दोहान नदी को सांस्कृतिक जीवंतता प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में नवाचार, सृजन व उनके कौशल में अभिवृद्धि हेतु विभिन्न विभागों द्वारा समय समय पर विशेष व्याख्यान, कार्यक्रम एवं कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। इनमें क्रिप्टो करेंसी एंड ब्लॉकचौन टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, राजभाषा नीति एवं क्रियान्वयन, अमृतकाल विमर्श आदि कई सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं। विश्वविद्यालय के प्रत्येक सदस्यों को अपने दायित्वों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए दिवसों, सम्मलेनों एवं प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया। वर्ष के यह अंतिम तीन महीने बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं, जहां हमनें साल के बचे हुए कार्यों को पूर्णता प्रदान की तथा स्वयं को आने वाले वर्ष 2024 हेतु तैयार भी किया है। नए वर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए मुझे विश्वास है कि अवश्य ही आने वाला यह वर्ष आप सभी व अपने इस कुल के लिए मंगलमय होगा।

इति श्री।।

**(प्रो. टंकेश्वर कुमार)**
**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**

## Contents


| | | |
|---|---|---|
| **1. Awards and Achievements** | | |
| 1.1 | हकेवि में उत्कर्ष दुबे को मिला बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल / Utkarsh Dube was awarded the B.R. Chaudhary Gold medal in CUH | |
| 1.2 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय करेगा देश भर के शिक्षकों को प्रशिक्षित / The Central University of Haryana will provide the training to teachers across the country | |
| 1.3 | हकेवि की छात्र काजल एवं राधिका गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयनित / CUH Students Kajal and Radhika selected for the Republic Day Parade Camp | |
| 1.4 | हकेवी को मिली 5ळ यूज केस लैब / CUH awarded 5G Use Case Lab | |
| 1.5 | हकेवि की प्रोफेसर पायल चंदेल को मिला डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड / CUH Professor Payal Chandel received Dr Sarojini Naidu International Award | |
| 1.6 | हकेवि के छात्र ने कराटे प्रतियोगिता में जीता रजत पदक / CUH student won the silver medal in the Karate Competition | |
| 1.7 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को डीएसटी-एफआईएसटी से मिला दो करोड़ रूपए का अनुदान / Central University of Haryana received a Grant of two crores from DST-FIST | |
| 1.8 | हकेवि के प्रोफेसर आकाश सक्सेना ने आईएससीएमई 2023 में की प्रतिभागिता / CUH Professor Akash Saxena participated in ISCME 2023 | |
| **2. Celebrations** | | |
| 2.1 | विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हकेवि में हुआ कार्यक्रम का आयोजन / Event organised on the occasion of World Heart Day at CUH | |
| 2.2 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित / Meri Mati Mera Desh event organised in Central University of Haryana | |
| 2.3 | हकेवि में मनाया गया दोहान उत्सव / Dohan Festival celebrated in CUH<br>हरियाणा की कला संस्कृति पर करना चाहिए गर्व- प्रो. टंकेश्वर कुमार | |
| 2.4 | जानकी अम्मल की जयंती के अवसर पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित / Event organised on the birth anniversary of Janaki Ammal at CUH | |
| 2.5 | हकेवि में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित / Event organised on the occasion of National Student Day at CUH | |
| 2.6 | संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित / Event organised to celebrate the Constitution Day | |
| 2.7 | हकेवि में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 / CUH celebrated the International Year of Millets-2023 | |
| **3. CUH Admissions 2023-2024** | | |
| 3.1 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में फिजिकल काउंसलिंग 11 अक्टूबर को / Physical counselling at Central University of Haryana on 11 Oct<br>-चार वर्षीय आईटीईपी कार्यक्रम के लिए होगी काउंसलिंग / Counselling will be held for the four-year ITEP programme | |
| 3.2 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए स्पेशल ड्राइव 17 अक्टूबर को / Special drive for admission in Central University of Haryana on 17 October | |

| | | |
|---|---|---|
| **4. Initiatives and Innovations** | | |
| 4.1 | हकेवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन / Cleanliness Fortnight organised in the Department of Journalism and Mass Communication at CUH | |
| **5. Invited Lectures** | | |
| 5.1 | हकेवि में क्रिप्टो करेंसी एंड ब्लॉकचौन टेक्नोलॉजी विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert Lecture organised on Crypto Currency and Block Chain technology at CUH | |
| 5.2 | हकेवि में अमृतकाल विमर्श के अंतर्गत विशेष व्याख्यान आयोजित / Special lecture organised on 'Amritkal Vimarsh' at CUH | |
| 5.3 | हकेवि में विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित / Expert lecture organised on Career Opportunities | |
| 5.4 | पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में फिल्म स्क्रीनिंग एवं व्याख्यान का आयोजन / Film Screening and lectures organised in the Department of Journalism and Mass Communication | |
| **6. National Education Policy** | | |
| 6.1 | हकेवि में मूल्य सवंर्धित पाठ्यक्रम श्रीमद्भगवत गीता से जीवन कौशल की सीख का हुआ शुभारंभ / Value Added Course on Life Skills from *Shrimad Bhagwat Gita* started in CUH | |
| **7. Research and Publications** | | |
| 7.1 | हकेवि में अनुसंधान और प्रकाशन नैतिकता पाठ्यक्रम का अभिप्रेण कार्यक्रम आयोजित / The induction programme for the Research and Publication Ethics course organised at CUH | |
| **8. Seminar/Conference/Workshops/Competition** | | |
| 8.1 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में फिल्म मेकिंग पर कार्यशाला आयोजित / Workshop organised on Film Making at CUH | |
| 8.2 | हकेवि में क्लाउड कंप्यूटिंग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन / Two-day workshop on Cloud Computing organised at CUH | |
| 8.3 | हकेवि में महिला स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन की हुई शुरुआत / Two-day conference on Women's Health and Well-Being organised at CUH | |
| 8.4 | हकेवि में सहभागियों हेतु हो रहा है योग के प्रायोगिक सत्रों का आयोजन / CUH organised the practical sessions of yoga for the participants | |
| 8.5 | हकेवि में हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित / National Seminar on Hypovitaminosis D organised at CUH | |
| 8.6 | हकेवि में एआईसीटीई-अटल संकाय संवर्धन कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन / AICTE-Atal Faculty Development Programme Organised at CUH | |
| 8.7 | हकेवि में निवेश जागरूकता पर वेबिनार आयोजित / Webinar on Investment Awareness organised at CUH | |
| 8.8 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजभाषा नीति एवं क्रियान्वयन पर कार्यशाला आयोजित / Workshop on the Official Language Policy and Its Implementation organised at CUH | |
| 8.9 | हकेवि में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन / Three-day workshop on "Innovation and Creation in the Field of Printing and Packaging Technology" organised at CUH | |

| | | |
|---|---|---|
| 8.10 | पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर वेबिनार आयोजित / Webinar organised on National Press Day at CUH | |
| 8.11 | हकेवि में संकाय संवर्धन कार्यक्रम की हुई शुरुआत / The Faculty Development Programme started at CUH | |
| 8.12 | हकेवि में पर्यावरण स्थिरता अभ्यास विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित / Three-day workshop on the Environmental Sustainability Practice organised at CUH | |
| 8.13 | हकेवि में अनुसंधान लेखन और प्रकाशन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित / Five-day International Workshop on Research Writing and Publication organised at CUH | |
| 8.14 | हकेवि के स्वयंसेवकों ने साहसिक शिविर में लिया हिस्सा / CUH volunteers participated in the Adventure Camp | |
| **9. Exhibition** | | |
| 9.1 | हकेवि में दुर्लभ स्कूली पुस्तकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ आयोजन / Exhibition of Rare School Books organized in CUH | |
| **10. Skill Enhancement** | | |
| 10.1 | हकेवि में फिजिक्स एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित / Event organised by the Frequency Physics Association at CUH | |
| 10.2 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने कौशल संवर्धन के लिए समूह चर्चा का हुआ आयोजन / Group discussion for skill enhancement organised at CUH | |
| 10.3 | हकेवि में बुकमार्क डिजाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन / Bookmark Competition organized at CUH | |
| 10.4 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पुस्तक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन / Book Cover Design Competition organized at CUH | |
| 10.5 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित / Debate competition organised at the Central University of Haryana | |
| 10.6 | हकेवि में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित / Rangoli Competition organized at CUH | |
| 10.7 | हकेवि में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का हुआ समापन / National Library Week concludes at CUH | |
| **11. Inauguration** | | |
| 11.1 | मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन / Malaviya Mission Teacher Training Centre inaugurated at CUH | |
| **12. Study tour** | | |
| 12.1 | हकेवि के भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण / Survey tour organised by the Department of Geography, CUH | |
| 12.2 | हकेवि के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण / CUH organised an Industrial tour | |
| 12.3 | हकेवि के युवा पर्यटन क्लब ने किया माधोगढ़ किले का शैक्षणिक भ्रमण / Youth Tourism Club, CUH organised an educational tour to Madhogarh Fort | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.4 | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शोध भ्रमण / Research tour conducted by the students of the Central University of Haryana | |
| **13. Social Awareness** | | |
| 13.1 | हकेवि द्वारा प्राथमिक चिकित्सा जागरूता शिविर आयोजित / First aid awareness camp organised by CUH | |
| 13.2 | पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने चलाया मीडिया एवं सूचना साक्षरता अभियान / Media and Information literacy campaign organised by the Department of Journalism and Mass Communication, CUH | |
| 13.3 | हकेवि सतर्कता जागरूकता सप्ताह जारी / Vigilance Awareness Week celebrated at CUH | |
| **14. Book Release** | | |
| 14.1 | ट्रीटमेंट लैंडस्केप ऑफ टारगेटेड थेरेपीज इन ऑनकोलॉजीः चौलेंजेस एंड ऑपर्चुयुनिटी पुस्तक का हुआ विमोचन / Book is the medium of the origin of knowledge n` Prof. Tankeshwar Kumar | |
| **15. Training and Placement** | | |
| 15.1 | हकेवि में संकाय संवर्धन कार्यक्रम का हुआ समापन / Faculty Development Program concluded at CUH | |

# कुलगीत

## विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।

न चौरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्।।

शिक्षा-दीक्षा की परंपरा से, राष्ट्र का हुआ सदा उत्थान।
कौशल और नव-सृजन से, सजा हुआ गौरव अभियान।।

ज्ञान-विज्ञान की शक्ति से हम, नव-मंडल में हुए स्थापित।
सीखा है इतिहास से हमने, नव-तकनीकों में हुए समाहित।।

संस्कारों की शक्ति को जब, लिया है युवा ने पहचान।
हम सब बनें राष्ट्र के रक्षक, आओ करें नव-भारत निर्माण।।

कला-योग-विज्ञान-विधि का, विश्वविद्यालय देता ज्ञान।
तन-मन और जीवन-शुचिता का, देता है यह शुभ वरदान।।

जन्म लेकर जिस धरा पर, शौर्य करता शीश बलिदान।
अपनी मेहनत से माटी को, सोना कर दे जहाँ किसान।।

हर की धरा हरियाणा पर, स्थापित अपना कुल महान्।
शिक्षा और स्वावलंबन, आओ ऐसे कुल को करें प्रणाम।।

## 1. Awards and Achievements

### 1.1 हकेवि में उत्कर्ष दुबे को मिला बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल

**CUH, Oct 06, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में बी. टेक. इन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के विद्यार्थियों के लिए प्रिंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के 43 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डब्ल्यू पीसीएफ के अध्यक्ष प्रो. कमल चोपड़ा ने की। विश्वविद्यालय के कुलति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज का युग पेंटिंग से प्रिंटिंग की तरफ स्थानांतरित हो रहा है। थ्री डी प्रिंटिग से निर्मित जैविक अंग जीवविज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहे हैं। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

प्रो. कमल चोपड़ा ने बताया कि हकेवि व ऑफसैट प्रिंटर्स एसोसिएशन (ओपीए) के साथ समझौता ज्ञापन के अंतर्गत आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उत्कर्ष दुबे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि उत्कर्ष दुबे को प्रिंट स्टूडेंट ऑफ द ईयर खिताब के साथ 25000 रूपये का नकद पुरस्कार व बी.आर. चौधरी गोल्ड मेडल से पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम में परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कौशिक, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजीव कुमार, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह, विभाग के सहायक आचार्य संदीप बूरा सहित सभी शिक्षकों ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में अनुभव, सुनील कुमार जोशी, बिजेंद्र पाल सिंह, शम्मी मेहरा, अनिल कुंडू ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ. सुमन कुमारी ने किया।

### Utkarsh Dube was awarded the B.R. Chaudhary Gold medal in CUH

**CUH, Oct 06, 2023**

The Print Student of the Year competition was organised for the students of BTech in Printing and Packaging at the Central University of Haryana, Mahendergarh. The competition was conducted in two phases. In this competition, 43 students from the Department of Printing and Packaging Technology participated. The president of WPCF, Prof Kamal Chopra, chaired the programme. Vice Chancellor of the University, Prof Tankeshwar Kumar, extended congratulations to the participants and stated that the current era is transitioning from painting to printing. Biological organs created through 3D printing are playing a significant role in the field of biology. Immense possibilities are available in this field.

Prof Kamal Chopra stated that Utkarsh Dube from the Department of Printing and Packaging has secured first rank in the two-day competition organised under the memorandum agreement of understanding between CUH and OFSAT Printers Association (OPA). Prof Chopra explained that along with the Print Student of the Year title, Utkarsh Dube will be awarded a cash prize of 25000 and the B.R. Chaudhary Gold Medal. On this occasion, Prof Kamal Chopra highlighted the importance of artificial intelligence in the print industry and stated that the use of the latest technology is significant for any industry. In recent times, the field of printing and packaging has been developing with immense job prospects.

The examination controller Prof Rajeev Kaushik, the academic dean Prof Sanjeev Kumar, the dean of the School of Engineering and Technology Prof Phool Singh, the assistant professor of the department Sandeep Bura, and all the faculty members extended their best wishes to the participants for there bright future. In the competition, Anubhav, Sunil Kumar Joshi, Bijendra Pal Singh, Shami Mehra, and Anil Kundu were present as members of the jury and encouraged students. The stage management of the programme was moderated by Dr Suman Kumari.

### 1.2 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय करेगा देश भर के शिक्षकों को प्रशिक्षित

### CUH, Oct 12, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ ने अपनी उपलब्धियों में बढ़ोत्तरी करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर को प्राप्त किया है। इस सेंटर के माध्यम के द्वारा देश भर के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिससे वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण हेतु स्वयं को तैयार कर सकें। इस केंद्र से प्रशिक्षित शिक्षक अपने दस्तावेजों को करियर प्रोन्नति योजना (सीएएस) के लिए भी प्रस्तुत करने हेतु योग्य होंगे। इसके लिए पूरे साल विभिन्न स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। जिसमें लघु अवधि की कार्यशालाओं से लेकर फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम, इंडक्शन प्रोग्राम और पुनश्चर्या कार्यक्रमों का संचालन किया जायेगा।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र आस-पास के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के लिए लाभकारी होने के साथ ही देश भर के शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करने में सहायक सिद्ध होगा। मालवीय मिशन टीचर्स सेंटर के समन्वयक प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि केंद्र द्वारा 'होलिस्टिक एंड मल्टीडिस्प्लीनरी एजूकेशन' विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 19-28 अक्टूबर, 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जायेगा। जिस हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे जा चुके हैं।

### The Central University of Haryana will provide the training to teachers across the country

### CUH, Oct 12, 2023

University Grants Commission (UGC) has provided the Malviya Mission Teachers Training Centre to the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. In order to increase the quality education and training as per the guidelines of the National Education Policy (NEP)-2020, this centre will provide training to teachers working in colleges and universities across the country. Teachers trained at this centre will also be eligible to submit their documents for the Career Promotion Scheme (CAS). Concerning this, various levels of training programs will be organised throughout the year, which include everything from short-term workshops to faculty development programs, induction programs, and refresher programs.

Prof. Tankeshwar Kumar, with satisfaction, remarked that this centre will prove beneficial not only for the teachers of adjacent colleges and universities but also help train teachers across the country. This new centre will increase the efficiency and prestige of the University. Prof. Pramod Kumar, the Coordinator of Malviya Mission Teachers Centre, stated that the training program on 'Holistic and Multidisciplinary Education' will be conducted by the centre through the online medium from October 19-28, 2023 for which online applications have been invited from interested candidates. Application for this program can be filled out through this http://mmc.ugc.ac.in/login.index

### 1.3 हकेवि की छात्र काजल एवं राधिका गणतंत्र दिवस परेड शिविर के लिए चयनित

### CUH, Oct 25, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की बी. वॉक. बायोमेडिकल की छात्र काजल व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की छात्रा राधिका का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2023 हेतु हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दोनों चयनित स्वयंसेवको

को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित है। सैन्य और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के एक बड़े प्रयास के बीच, गणतंत्र दिवस परेड 2024 में केवल छात्राएं ही हिस्सा लेंगी।

विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेवक काजल एवं राधिका का चयन पूर्व गणतंत्र दिवस परेड कैंप के लिए हुआ हैं। इस 10 दिवसीय कैंप के दौरान उत्तर क्षेत्र से लगभग 200 स्वयंसेवक विभिन्न शरीरिक गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ विशेष रूप से परेड की तैयारी करवाई जायेगी। डॉ. प्रदीप ने बताया की इस कैंप में चयन होने वाले स्वयंसेवक को 26 जनवरी 2024 के गणतंत्र दिवस समारोह के लिए दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड मे शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा।

## CUH Students Kajal and Radhika selected for the Republic Day Parade Camp

### CUH, Oct 25, 2023

Kajal, a student of B. Voc Biomedical, and Radhika, a student of the Physics and Astrophysics Department from the Central University of Haryana, Mahendergarh have been selected for the Republic Day Parade Camp 2023. The Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar congratulated both the students and by extending best wishes for their bright future mentioned that this year, the Republic Day parade will be dedicated especially to women. Amid a major effort to increase the participation of women in the military and other sectors, only female students will take part in the Republic Day Parade 2024.

Prof. Pramod Kumar, the Coordinator of the National Service Scheme (NSS) for the University explained that NSS volunteers Kajal and Radhika have been selected for the Republic Day Parade Camp. During this 10-day training camp, about 200 volunteers from the northern region will participate in various physical activities and cultural programmes, along with special preparation for the parade. Prof Kumar mentioned that volunteers selected in this camp will get the opportunity to participate in the parade organised on the Kartavya Path of Delhi for the Republic Day Celebration on 26 January 2024.

## 1.4 हकेवी को मिली 5G यूज केस लैब

### CUH, Oct 27, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (CUH), महेंद्रगढ़ को संचार मंत्रालय से '5ळ यूज केस लैब' प्राप्त हुआ है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान, भारत मंडपम में आयोजित "इंडियन मोबाइल कांग्रेस 2023'' के दौरान ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय सहित देश के 100 शैक्षणिक संस्थानों को इन प्रयोगशालाओं से पुरस्कृत किया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, अनुसंधान डीन प्रो. नीलम सांगवान और एक हजार से अधिक छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं ने ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया। संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री जी ने शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, परिवहन और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में सूचना प्रौद्योगिकी की उन्नति और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने देश के उन 100 प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को शामिल करने पर बेहद गर्व व्यक्त किया।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के कंप्यूटर इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार और डॉ. विनय कुमार ने इस प्रयास को शुरू करने के लिए कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस प्रयोगशाला के माध्यम से, छात्र, शिक्षक और शोधकर्ता सहयोगात्मक रूप से सामाजिक और औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप अनुसंधान गतिविधियों को शुरू करेंगे।

**CUH awarded 5G Use Case Lab**

**CUH, Oct 27, 2023**

Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, has received the ‘5G Use Case Lab’ from the Ministry of Communications. The Prime Minister of India, Shri Narendra Modi, awarded these labs in 100 educational institutions of the country, including CUH, through online mode during the Indian Mobile Congress 2023 organized at Bharat Mandapam, Pragati Maidan, Delhi on Friday. The Vice-Chancellor, Prof. Tankeshwar Kumar, Dean of Research, Prof. Neelam Sangwan, and over a thousand students, teachers, and researchers participated in the event through online medium. During the address, the Prime Minister emphasised the significance of this initiative as a crucial step towards fostering the advancement and innovation of information technology across various sectors such as education, agriculture, health, energy, transportation, and more. He also underscored its pivotal role in driving the social and economic development of India.

Prof. Tankeshwar Kumar expressed immense pride in the inclusion of CUH among the 100 prestigious educational institutions of the country in which this lab has been established. He emphasised that their primary objective is to facilitate pioneering research aligned with both Indian and global requirements particularly focusing on the development of 5G technology and its various applications. The Vice-Chancellor said that this effort will not only contribute to the development of 5G technology but also pave the way to establish a conducive environment within educational institutions and startup ventures. Through this initiative, Indian-based technological development will undoubtedly get a significant boost which will also be beneficial in terms of national security.

The inception of these labs at the University was started in Delhi as part of the Indian Mobile Congress 2023. This year, the theme of the event is “Global Digital Innovation” which will delve into various topics such as 5G, 6G, and Artificial Intelligence, aiming to drive significant changes in the technological development front within India. These labs within educational institutions will serve as platforms where young talents, MSMEs, and groups of teachers can converse to collaborate on technological development. This cooperative environment will provide equal opportunities for all participants in developing and innovating new technologies. Professors Dr Rakesh Kumar and Dr Vinay Kumar Ray from the Department of Computer Engineering and Technology, the School of Engineering and Technology, Central University of Haryana, expressed their gratitude to the Vice-Chancellor for initiating this endeavour. They highlighted that through this lab, students, teachers, and researchers will collaboratively embark on research activities aligned with societal and industrial requirements.

**1.5 हकेवि की प्रोफेसर पायल चंदेल को मिला डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड**

**CUH, Oct 27, 2023**




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में मनोविज्ञान विभाग की प्रो. पायल कंवर चंदेल को समाज उत्थान की दिशा में किए गए उनके उल्लेखनीय प्रयासों हेतु 7वें डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड, 2023 से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस उपलब्धि पर

प्रो. पायल कंवर चंदेल को बधाई दी। बता दें कि डॉ. सरोजिनी नायडू इंटरनेशनल अवार्ड समाज की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कार्यरत महिलाओं को प्रदान किया जाता है।

प्रो. पायल कंवर चंदेल को यह सम्मान एशियन एकेडमी ऑफ आर्ट्स द्वारा गुरुवार को नोएडा में आयोजित ग्लोबल लिटरेसी फेस्टिवल में प्रदान किया गया। उन्होंने अपने ध न्यवाद भाषण में कहा कि ऐसी कोई महिला नहीं जो काम ना करती हो, इस पुरुष प्रधान समाज में, एक पुरुष के पास कार्य न करने का विकल्प है, महिला के पास नहीं, हाँ यह अलग बात है कि कुछ महिलाओं को कार्य के लिए वेतन मिलता है।

## CUH Professor Payal Chandel received Dr Sarojini Naidu International Award

### CUH, Oct 27, 2023

Dr Payal Kanwar Chandel, Professor in the Department of Psychology at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, was honoured with the 7th Dr Sarojini Naidu International Award 2023 for her remarkable contribution towards the development of society. On this achievement, the Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, extended congratulations to her. Dr Sarojini Naidu International Award is given to working women who have made significant contributions to the development of society.

Prof. Payal Kanwar Chandel was given this honour by the Asian Academy of Arts at the Global Literary Festival organized in Noida on Thursday. The award was presented to Prof. Chandel by Mr. Sandeep Marwah, President of the Asian Academy of Film and Television. Prof. Payal Chandel said that such honour serves as an encouragement to keep progressing in the right direction. In her expression of gratitude, she mentioned that every woman engages in work. In this predominantly patriarchal society, only men have the option not to work, whereas a woman does not have that choice. However, it is worth noting that some women are paid for their work.

## 1.6 हकेवि के छात्र ने कराटे प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

### CUH, Nov 06, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग में अध्ययनरत एमएससी द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम शर्मा ने उत्तर प्रदेश के आगरा में इंडियन शोटोकन कराटे दू फेडरेशन द्वारा आयोजित छठे आईएसकेएफ राष्ट्रीय कराटे कप 2023 प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभम की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी और साथ ही उनकी इस सफलता में विभागीय शिक्षकों व शुभम के कोच लोकेश के योगदान की सराहना की।

विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल ने बताया कि शुभम का यह प्रदर्शन बेहद सराहनीय और प्रेरण ादायक है। उन्होंने कहा कि विभाग के लिए गर्व करने योग्य बात है कि शुभम व उसके कोच लोकेश दोनों ही हमारे विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा कि योग विभाग अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ निरंतर विभिन्न प्रकार के प्रयासों से विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहा है। शुभम की सफलता इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन कुमार भी उपस्थित रहे और उन्होंने शुभम की इस सफलता के संदर्भ में कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा निरंतर विद्यार्थियों को मिल रहे सहयोग के परिणामस्वरूप ही इस तरह की उपलब्धियां संभव हो पा रही हैं।

## CUH student won the silver medal in the Karate Competition

### CUH, Nov 06, 2023

Shubham Sharma, a second-year M.Sc. student studying in the Department of Yoga, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, received a Silver Medal for his remarkable performance in the 6th ISKF National Karate Cup 2023 organized by the Indian Shotokan Karate-Do Federation in Agra, Uttar Pradesh.

The Vice Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, applauded Shubham for this achievement and also commended the contribution of the faculty members, students of the department, and Shubham's coach, Lokesh, in his success.

Dr Ajay Pal, the Teacher in charge, praised Shubham's performance and said that it is highly commendable and inspiring. Prof Pal stated that it is a matter of pride for the department that both Shubham and his coach, Lokesh, are our students. The Department of Yoga, along with excelling in learning and teaching, is constantly bringing glory to the University through various endeavours. Dr Naveen Kumar, Assistant Professor in the Department, was also present. He mentioned that the continuous support provided to the students by the Vice Chancellor Sir has made these achievements possible.

## 1.7 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय को डीएसटी-एफआईएसटी से मिला दो करोड़ रूपए का अनुदान

### CUH, Nov 10, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग को एक शोध परियोजना के अंतर्गत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 2 करोड़ रुपए का अनुदान (डीएसटी-एफआईएसटी) प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अनुदान प्राप्त होने पर भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बधाई दी। कुलपति ने इस अवसर पर समाज के लिए उपयोगी शोध पर जोर दिया। उन्होंने विभाग को आसपास के संस्थानों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि उनके शोधकर्ताओं को भी इस अनुदान के परिण ामस्वरूप विभाग में विकसित किए जाने वाले अनुसंधान बुनियादी ढांचे के उपयोग का लाभ मिल सके।

विश्वविद्यालय के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि इस एफआईएसटी अनुदान के अंतर्गत विश्वविद्यालय को शोध के लिए तीन हाईटेक उपकरण मिलेंगे। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को संबंधित क्षेत्र में शोध कार्य करने में मदद मिलेगी। इससे पहले, मटेरियल साइंस के क्षेत्र में अनुसंधान करने वाले शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को इन उपकरणों के लिए अन्य वैज्ञानिक संस्थानों की मदद लेनी पड़ती थी। उन्होंने बताया कि विभाग में मुख्य रूप से अनुसंधान सुविधाओं को मजबूत करने के लिए परियोजना से सम्मानित किया गया है। प्रो. श्रीवास्तव ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति ने दूरदर्शी नेतृत्व धन्यवाद दिया और विभाग के संकाय सदस्यों व शोधार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## Central University of Haryana received a Grant of two crores from DST-FIST


### CUH, Nov 10, 2023

The Department of Physics and Astrophysics, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, has received a grant of Rs. 2 crores from the Ministry of Science and Technology, Government of India, under the scheme "Fund for Improvement in Science and Technology Infrastructure (DST-FIST)". Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice Chancellor of the University extended congratulations to the faculty members, researchers, and students of the department for the award and emphasised the importance of scientific research beneficial to society. The Vice-Chancellor encouraged the department to establish collaborative research with adjacent institutions, thereby enabling their researchers to benefit from the usage of the research infrastructure developed in the department as an outcome of this grant.

Prof. Sunita Srivastava, Head of the Department of Physics and Astrophysics, explained that under the FIST grant, the university will receive three hi-tech instruments for research. Through this, researchers and students will get assistance in conducting research in relevant fields. Previously, researchers and faculty members conducting research in the field of material science had to rely upon other scientific institutions for these instruments. Prof Srivastava also mentioned that the department has made a presentation for sanctioning these funds before the expert committee at IIT Delhi. This monetary support will enhance the progressive research ecosystem in the department. Prof Srivastava extended congratulations to the faculty members and research scholars of the department and expressed gratitude to the Vice Chancellor for his visionary leadership.

### 1.8 हकेवि के प्रोफेसर आकाश सक्सेना ने आईएससीएमई 2023 में की प्रतिभागिता

### CUH, Nov 20, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर आकाश सक्सेना ने कंप्यूटर प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (आईएससीएमई 2023) पर चीन में आयोजित 8वें अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में प्रतिभागिता की। आयोजन में प्रो. सक्सेना ने क्रो सर्च एल्गोरिदम, विकास और अनुप्रयोगों में प्रगति विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रकाश डाला।

इस आयोजन में प्रो. आकाश सक्सेना ने अपने संबोधन में क्रो सर्च एल्गोरिदम की जटिलताओं पर प्रकाश डाला, जिसमें कंप्यूटर प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग के तेजी से विकसित हो रहे परिदृश्य में हाल की प्रगति और इसके विविध अनुप्रयोगों का उल्लेख किया। आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध विशेषज्ञ से अपनी शंकाओं का निदान भी प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने प्रो. आकाश सक्सेना को मिले इस अवसर की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही इस तरह के आयोजनों के माध्यम से शिक्षण संस्थानों के बीच आपसी सहयोग का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षकों के लिए इस तरह के आयोजन शैक्षणिक उत्कृष्टता व अनुसंधान की दिशा में प्रयास हेतु मददगार हैं।

### CUH Professor Akash Saxena participated in ISCME 2023

### CUH, Nov 20, 2023

Professor Akash Saxena from the Department of Electrical Engineering, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, participated in the 8th International Seminar on Computer Technology, Mechanical and Electrical Engineering (ISCME 2023) held in China. As the keynote speaker of the event, Prof. Saxena shed light on the topic of "Recent Advancements in Crow Search Algorithms, Development, and Applications". In his address, Prof Saxena elucidated the intricacies of the Crow Search algorithm, highlighting recent advancements in the rapidly evolving scenario of computer technology and engineering and its diverse applications. The participants involved in the event also had their queries resolved by the expert.

Prof. Tankeshwar Kumar, Vice Chancellor of the University, commended Prof Akash Saxena and stated that such events undoubtedly pave the way for mutual support in fostering academic excellence and research endeavours among faculty members.

## 2. Celebrations

### 2.1 विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हकेवि में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**CUH, Oct 5, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्व हृदय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यलाय की सतत अध्ययन पीठ, फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. रोहित कुमार वर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास करने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों की भागीदारी वाली स्वास्थ्य जागरूकता सामुदायिक सेवा आवश्यक है। उन्होंने चिकित्सा उपकरणों में विद्यार्थियों के प्रदर्शन की भी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. रोहित कुमार वर्मा ने रोगियों तक चिकित्सा स्वास्थ्य पहुंचने से पहले हृदय रोग की जटिलताओं के प्रबंधन के लिए प्राथमिक चिकित्सा के तरीकों को सीखने की आवश्यकता पर विस्तृत प्रकाश डाला। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेस पीठ की अधिष्ठता एवं शोध अधिष्ठाता

प्रो. नीलम सांगवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और कार्यक्रम की रूपरेखा से प्रतिभागियों को अवगत कराया। सतत अध्ययन पीठ के अधिष्ठाता व कार्यक्रम के संयोजक प्रो. पवन कुमार मौर्य ने 'स्किल इंडिया' के बैनर अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम की जानकारी प्रतिभागियों से साझा की। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. तरूण कुमार, डॉ. मनीषा पांडे और डॉ. रजत यादव ने आयोजको के रूप में भूमिका निभाई। साथ ही डॉ. ऋचा यादव एवं डॉ. हीना यादव के भी आयोजन में सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में प्रो. अंतरेश, डॉ. मारुति, डॉ. नीलम, डॉ. विकास, डॉ. सुमन, डॉ. ममता एवं डॉ. सौरभ सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।

### Event organised on the occasion of World Heart Day at CUH

**CUH, Oct 5, 2023**

On the occasion of World Heart Day, an event on health awareness was organised at the Central University of Haryana, Mahendergarh, on 4th October 2023 by the School of Life-Long Learning in Collaboration with the Department of Pharmaceutical Sciences and Health Centre. Dr Rohit Kumar Verma was present as the expert. The Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar inaugurated the awareness programme. In his address, the Vice-Chancellor emphasised the importance of the heart in the health system. He also applauded the event organisers for such initiatives. On this occasion, Pro Vice-Chancellor of the university, Prof Sushma Yadav, explained that student-led Health Awareness Community Service activity is necessary to develop skills among students and fulfil the vision of National Education Policy (NEP) 2020. She also appreciated the performance of the students in medical equipment.

Dr Rohit Kumar Verma, the speaker of the event, extensively shed light on the importance of learning first-aid methods to manage heart disease complications before health care reaches patients. Prof. Neelam Sangwan, the Dean of the School of Interdisciplinary and Applied Science and the research fellow, delivered the welcome address and briefed the audience about the program outline. Prof Sangwan informed that such activities will be organised in the future also to spread disease awareness among the general public.

Prof. Pawan Kumar Maurya, the Dean of the School of Life Sciences and Convener of the event, shared the information regarding the program, which was arranged under the banner of 'Skill India'. Prof Maurya said that over 200 participants have been registered and benefited from the health awareness activities on campus.

Dr Tarun Kumar, Dr Manisha Pandey, and Dr Rajat Yadav played a significant role in organising the event. Additionally, Dr Richa Yadav and Dr Heena Yadav also actively participated in the event. Prof. Antares, Dr Maruti, Dr Neelam, Dr Vikash, Dr Suman, Dr Mamta, Dr Saurab, along with faculty members, researchers and students from other departments, were present at the programme.

### 2.2 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

### CUH, Oct 10, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि हरियाणा की भूमि वीरों की भूमि है। हमें अपने आप को गौरान्वित महसूस करना चाहिए कि जवानों और किसानों की भूमि हमारी कर्मभूमि है। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान से वीर जवानों के गाँवों की मिट्टी को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कुलपति ने इस अभियान में सम्मिलित होने पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की भी सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हमारे देश के लिए गौरव का पल है। 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. नीलम ने बताया कि इस कार्यक्रम में एनएसएस के सभी स्वयंसेवकों ने अपने क्षेत्र से मिट्टी व चावल को लाकर कलश में डाला और अमृत कलश विश्वविद्यालय कुलपति को सौंपा। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने कुलपति के साथ पंच प्राण शपथ ली।

### Meri Mati Mera Desh event organised in Central University of Haryana

### CUH, Oct 10, 2023

Under the campaign of Meri Mati Mera Desh, Amrit Kalash Yatra was organised at the Central University of Haryana, Mahendergarh. The Vice-Chancellor of the university, Prof Tankeshwar Kumar, stated that Haryana is the land of warriors. We all should feel proud that this auspicious land of soldiers and farmers is our workplace. Further, he elucidated that through this campaign of "Meri Mati Mera Desh", we will get the privilege of paying tribute to the soil of the villages of the brave soldiers. The Vice-Chancellor also commended the university students for participating in the event. Pro Vice-Chancellor Prof Sushma Yadav was also present at the event.

At the beginning of the event, the university convenor of the National Service Scheme (NSS), Dr Pradeep Kumar, said in the welcome speech that Azadi ka Amrit Mahotsav is a moment of pride for our nation. The objective of Meri Mati Mera Desh campaign is to pay tribute to those brave freedom fighters and warriors who have sacrificed their lives for the nation. NSS Programme officer Dr Neelam informed that the volunteers of the programme had brought soil and rice from their area and put it in the Kalash. They handed over the Amrit Kalash to the Vice-Chancellor. At the end of the event, all the participants, along with the Vice-Chancellor, took the oath of Panch Pran.

### 2.3 हकेवि में मनाया गया दोहान उत्सव

### CUH, Nov 02, 2023

### हरियाणा की कला संस्कृति पर करना चाहिए गर्व- प्रो. टंकेश्वर कुमार

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय द्वारा एक दिवसीय दोहान उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय में कला-संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन में प्रमुख रूप से हरियाण ावी गायक श्री रामकेश जीवनपुरवाला, हास्य कलाकार श्री आजाद दुहान, अभिनेता व निदेशक श्री हरिओम कौशिक व जगदीप राही प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन को हरियाणा की ऐतिहासिक विरासत व कला-संस्कृति को जानने-समझने और उस पर गर्व करने का माध्यम बताया और कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय में अध्ययनरत अन्य प्रदेशों के विद्यार्थी इस आयोजन से हरि की धरती हरियाणा के मूल से जुड़ पाएंगे।

कुलपति ने आयोजन में सम्मिलित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को हरियाणा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने संबोधन में हरियाणा के गठन और इसके इतिहास पर प्रकाश डाला। कुलपति ने कहा कि हरियाणा ही भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसका नाम भगवान के नाम पर है। उन्होंने कहा कि इसी धरती पर महाभारत हुई और भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश भी दिया। कुलपति ने हरियाणा और हरियाणा के लोगों के देश के विकास में योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि हम आबादी में कम हैं लेकिन हमारा योगदान सदैव उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कला-संस्कृति पर गर्व है और केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के नाते यहां उपस्थित विविधता संस्कृति के आपसी मेलजोल हेतु उपयुक्त स्थान है। विश्वविद्यालय में इस तरह के आयोजन विभिन्न प्रदेशों के युवाओं को एक-दूसरे की ऐतिहासिक विरासत को जानने-समझने का अवसर प्रदान करते हैं। कुलपति ने इस आयोजन के लिए छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय व हिंदी विभाग व हिन्दी विभाग के शोध ार्थियों की सराहना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव भी उपस्थित रहीं।

आयोजन में सम्मिलित श्री आजाद दुहान, रमकेश जीवनपुरवाला व हरिओम कौशिक ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और युवाओं को कला-संस्कृति से प्रेम करने की सीख दी। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन व विश्वविद्यालय के कुलगीत के साथ हुई। आयोजन में रागनी, हरियाणा ग्रुप डांस, हरियाणवी सोलो डांस, कविता पाठ का आयोजन किया। जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा ने बताया कि हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए डीजे नाइट भी आयोजित की गई है। आयोजन में प्रो. दिनेश चहल, प्रो. बीर पाल सिंह यादव सहित भारी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी, शोधार्थी एवं शिक्षणेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### Dohan Festival celebrated in CUH

### CUH, Nov 02, 2023

On the occasion of Haryana Day, the Dean of the Student Welfare Office, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, organised a one-day Dohan Festival. On this occasion, a remarkable confluence of art and culture was seen in the university. The Haryanvi singer Mr Ramkesh Jeevanpurwala, comedian Mr Azad Duhan, actor and director Mr Hariom Kaushik and Jagdeep Rahi were chiefly present in the programme. The Vice-Chancellor of the University, Prof Tankeshwar Kumar, said that this programme is a medium through which the students can know, understand, and feel proud of Haryana's historical heritage, art, and culture. The Vice-Chancellor said that students from other states studying at the university will be able to connect with the origin of Hari's land, Haryana, through this event.

The Vice-Chancellor said Haryana is the only state of India named after God. He said this was the land on which Mahabharata took place, and Shree Krishna preached Gita. The Vice-Chancellor, while mentioning the contribution of Haryana and its people in the development of India, said that we are smaller in population, but our contribution has always been remarkable. He said that we are proud of our art and culture, and being a Central University, it is a suitable place for the mutual interaction of the diverse cultures present here. The organisation of such events in the university provides the opportunity for youngsters from different states to learn and understand one another's historical heritage. The participants of the event, Mr Azad Duhan, Rakesh Jeevanpurwala, and Hari Om Kaushik, showcased their talents and taught the youths to love their art and culture.

## 2.4 जानकी अम्मल की जयंती के अवसर पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित

### CUH, Nov 6, 2023



जानकी अम्मल की 125वीं जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दीप प्रज्जवलन द्वारा किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में जानकी अम्मल के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके चरित्र को आचरण में लाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की सहसंरक्षक व विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने आभासीय माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि जानकी अम्मल अद्भुत व्यक्तित्व की धनी एवं वैज्ञानिक थीं, हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की विशिष्ट कार्यक्षमता व कार्यशैली महिलाओं को ईश्वर की विशेष देन है। प्रत्येक महिला में देश व समाज के लिए कुछ अच्छा करने की क्षमता है। प्रो. श्रीवास्तव में छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी सराहना की।

इस अवसर पर गीत गायन, एकल नृत्य, रैम्प वॉक, सामूहिक नृत्य के साथ कमरों की साफ-सफाई व पोस्टर मेंकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रो. पायल चंदेल, प्रो. सुशीला, डॉ. रेनु, डॉ. सविता बुधवार, डॉ. मनीष कुमार निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 250 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इस आयोजन में मंच का संचालन कविता ने तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन वार्डन डॉ. सुमन रानी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. अरुण कुमार सहित विभिन्न शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## Event organised on the birth anniversary of Janaki Ammal at CUH

### CUH, Nov 6, 2023

मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पायल कंवर चंदेल ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और बताया कि आयोजन में देश के 15 राज्यों से संबंधित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, शोधार्थी व शिक्षक सम्मिलित हुए हैं और जहां तक विषय की बात है तो यह विषय समाज की बेहतरी के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है। इसके पश्चात विभाग के प्रो. वी.एन. यादव ने आयोजन के लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अवश्य ही हम इस आयोजन के माध्यम से महिला स्वास्थ्य व कल्याण के स्तर पर जारी प्रयासों को नई गति प्रदान करने में मददगार होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित एनएओपी की अध्यक्ष व इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रो. नीना कोहली ने संगठन के उद्देश्यों तथा उनके प्रयासों और उसके माध्यम से किए गए विभिन्न सकारात्मक कार्यों से अवगत कराया। इसी क्रम में एनएओपी के डॉ. संजय कुमार ने भारत में महिला स्वास्थ्य एवं कल्याण की मौजूदा स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विषय आज के समय में महत्त्वपूर्ण है और इस पर विस्तार से चर्चा नीति निर्धारकों के लिए भी मददगार साबित होगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रवि पांडे ने सम्मेलन के विभिन्न सत्रों और उसके विषयों की जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष रखी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रदीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ. कृष्ण कुमार मिश्रा तथा बीएचयू के डॉ. तुषार सिंह विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बीएचयू से प्रो. पूर्णिमा अवस्थी व डॉ. तुषार सिंह, आईआईटी दिल्ली से प्रो. पूर्णिमा सिंह, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. नवीन कुमार, एएमयू से प्रो. रूमाना सिद्दीकी, सीबीएलयू से प्रो. राधेश्याम, एमडीयू से डॉ. सोनिया मलिक भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## Two-day conference on Women's Health and Well-Being organised at CUH

### CUH, Oct 12, 2023

A two-day conference on Women's Health and Well-Being was started on Thursday at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The programme was funded by the Indian Council of Social Science Research (ICSSR) and organised by the Department of Psychology of the Central University of Haryana in collaboration with the National Academy of Psychology (NAP). During the inaugural session of the programme, Prof Girishvar Mishra, the former Vice-Chancellor of the Mahatma Gandhi International Hindi University, Vardha was present as the chief speaker. The chief patron of the programme and Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar in his address shed light on the importance of the topic and discussion taking place under it and said that this conference, which will last for two days, will definitely help in preparing a future plan towards women's health and well-being.

The Vice-Chancellor expressed his gratitude to the organizers and guests during his address and said that this event will definitely help in providing a new direction to achieve the set goals.

The main speaker at the event, Prof. Girishvar Mishra said that the condition of women is improving in India. Be it equal opportunities to work, study or opportunities to participate in the judiciary, executive and legislature. Although, an improvement can be seen in the condition of women, but a lot of effort still remains left and for this, an action plan must be prepared after discussions through such events. Prof. Girishvar Mishra commended the Vice-Chancellor of the University and the organizers for organizing this two-day event.

The Head of the Department of Psychology, Prof. Payal Kanwar Chandel delivered the welcome speech and said that students, researchers, and teachers from various educational institutions belonging to 15 states of the country have participated in the event, and as far as the subject is concerned, this subject is very important for the betterment of society. Referring to the purpose of the event, Prof. V.N. Yadav from the department said that through this event, we will help provide new momentum to the ongoing efforts at the level of women's health and welfare. Professor Neena Kohli, the Chairperson of NAOP and Professor of Allahabad University, informed the participants of the program about the objectives of the organization, its efforts and various encouraging works done through it. In this sequence, Dr Sanjay Kumar from NAOP, while mentioning the current situation of women's health and welfare in India, said that this topic is important in today's time and the detailed discussion will prove helpful for the policymakers as well. The coordinator of the programme, Dr Ravi Pandey presented information about various sessions of the conference and its topics before the participants. At the end of the program, Dr Pradeep Kumar delivered a vote of thanks. It is to be mentioned that before this two-day conference, a seminar was also organized at the university on the subject of academic writing and application of forensic psychology in sexual violence, in which Dr Krishna Kumar Mishra from National Forensic Science University and Dr Tushar Singh from the Banaras Hindu University were present as the expert speakers. In the inaugural session of the conference, Prof. Purnima Awasthi, Dr Tushar Singh from BHU, Prof. Purnima Singh from IIT Delhi, Prof. Naveen Kumar from Delhi University, Prof. Rumana Siddiqui from AMU, Dr Radheshyam from CBLU, and Dr Sonia Malik from MDU, Rohtak were also present.

### 8.4 हकेवि में सहभागियों हेतु हो रहा है योग के प्रायोगिक सत्रों का आयोजन

### CUH, Oct 18, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के योग विभाग द्वारा योग प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के हितधारकों के लिए आयोजित किए जा रहे इस योग अभ्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिज्ञासु, साधक और विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

विश्वविद्यालय के योग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम सांगवान ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में योग प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन योग विभाग के द्वारा किया जा रहा है। इनमें विद्यार्थियों के साथ-साथ कोई भी हितधारक प्रतिभागिता कर योग के अभ्यासों को कर और सीख सकता है। ये कक्षाएं एमएससी योग विभाग के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों शुभम शर्मा, विद्या देवी, करिश्मा कुमारी और शोधार्थी पंकज कुमार के द्वारा पुरुष छात्रावास के पास और वाई-फाई पार्क में प्रातः 6 से 7 बजे तक आयोजित की जाती हैं। योग विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ अजय पाल व सहायक आचार्य डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि योग विभाग विश्वविद्यालय के दूसरे विभागों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए योग की कक्षाएं विभिन्न माध्यमों से आयोजित करता रहता है। जिससे विद्यार्थियों की एकाग्रता बढ़ाने में, स्वास्थ्य को बनाए रखने में और तनाव को कम करने में सहायता मिल सके। अनुसंधानों के आधार पर यह पता चला है कि मनुष्य की क्षमता का पूरा उपयोग करने में योग बहुत ही सहायक सिद्ध होता है।

### CUH organised the practical sessions of yoga for the participants

### CUH, Oct 18, 2023

The Department of Yoga of the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh is organising the practical sessions of yoga. The programme is being organised for the stakeholders of the university under the guidance of the Vice-Chancellor Prof Tankeshwar Kumar. In this practical session of Yoga, a large number of enthusiasts, practitioners, and students are participating. Prof Neelam Sangwan, the Head of the Department of Yoga of the University, informed that the Department of Yoga is conducting yoga practical classes on the university campus. Any stakeholders along with the students can participate and learn the yoga practices. These classes are being conducted by M.SC second-year students of the Yoga Department Shubham Sharma, Vidya Devi, Karishma Kumari, and research scholar Pankaj Kumar from 6 am to 7 am at the Wi-Fi Park and near the Boys Hostel. Dr Ajay Pal, the teacher in charge of Yoga Department and Assistant Professor Dr Naveen Kumar said that the Department of Yoga keeps organising yoga classes through various mediums for the students studying in other departments of the university through which students get help in increasing concentration, maintaining health, and reducing stress. Based on various research, it has been found that yoga proves to be very useful in making full use of human potential. This helps not only in increasing mental and health abilities but also effective in emotional maintenance.

### 8.5 हकेवि में हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रबंधन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

### CUH, Oct 21, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पोषण जीवविज्ञान विभाग व रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रबंधन के लिए बाजरा-आधारित कार्यात्मक खाद्य पदार्थों के हस्तक्षेप

विषय पर आधारित यह कार्यक्रम एचएससीएसआईटी द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत वैज्ञानिक सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधि के तहत आयोजित किया गया। विश्व खाद्य दिवस और अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष-2023 के उपलक्ष्य में आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने समाज के हर वर्ग के बीच विटामिन डी की कमी और इसके प्रबंधन पर प्रकाश डाला। कुलपति ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी। विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने बाजरे को आहार में शामिल करने पर जोर दिया और हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रबंधन के लिए स्वदेशी तकनीकों का उल्लेख किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और सेमिनार के उद्देश्य से प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को हाइपोविटामिनोसिस डी के प्रसार व प्रबंधन और उनके नियमित आहार में बाजरा को शामिल करने के बारे में जागरूक किया गया। दो दिवसीय इस आयोजन में आईसीएमआर, नई दिल्ली की वैज्ञानिक डॉ. नीता कुमार व आईएआरआई, नई दिल्ली की वैज्ञानिक डॉ. शालिनी गौड़ रूद्र ने अपने व्याख्यान के माध्यम से विटामिन डी की कमी के विभिन्न पहलुओं से प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष व आयोजन के सह-अध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह, संयोजक व पोषण जीवविज्ञान विभाग के डॉ. अनिता कुमारी और डॉ. अश्वनी कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## National Seminar on Hypovitaminosis D organised at CUH

### CUH, Oct 21, 2023

The Department of Nutrition Biology in collaboration with the Research and Development Cell of the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh organized a two-day National seminar. The programme was based on the theme “Intervention of Millets-Based Functional Foods for the Management of Hypovitaminosis D” and organised under the HSCSIT funded project Scientific Social Responsibility Activity. Organised on the occasion of World Food Day and International Millet Year 2023, the Vice-Chancellor of the University inaugurated the two-day National Seminar. In his address, the Vice-Chancellor shed light on the deficiency of Vitamin D and its management in every section of society. The Pro Vice-Chancellor of the university Prof Sushma Yadav emphasised the inclusion of millet in routine diet and mentioned the indigenous techniques for the management of hypovitaminosis D.

At the beginning of the event, Prof Neelam Sangwan, the Director of the Research and Development Cell, delivered the welcome speech and by informing about the aims of the seminar to the participants, said that through this programme the students are made aware of the prevalence and management of hypovitaminosis D and inclusion of millet in their regular diet. In this two-day programme, Dr Nita Kumar, the scientist of ICMR, New Delhi and Dr Shalini Gaur Rudra, the scientist of IARI, New Delhi through their lectures made the participants aware of various aspects of Vitamin D deficiency. In this programme, a workshop on Quanti Micro Lisa for the estimation of 25(H)D human serum and a poster exhibition based on millets were organised. Prof Kanti Prakash Sharma, the Head of the Department of Nutrition Biology and co-chairman of the programme, Prof Surendra Singh, the Head of the Department of Micro Biology, Dr Anita Kumari and Dr Ashwini Kumar coordinators from the Department of Nutrition Biology played a significant role in organising the programme.

## 8.6 हकेवि में एआईसीटीई-अटल संकाय संवर्धन कार्यक्रम का हो रहा है आयोजन

### CUH, Oct 25, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में अखिल भारतीय शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) प्रशिक्षण और शिक्षण (एटीएएल) अकादमी संकाय संवर्धन कार्यक्रम (एफडीपी) का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 28 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन का थीम माइक्रोग्रिड विद इलेक्ट्रिकल व्हिकल्सः इंटेलिजेंट एंड एलाइड एरियाज है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस आयोजन को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों व उनसे जुड़े शोधार्थियों, विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के लिए बेहद उपयोगी है।

आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी इस संकाय संवर्धन कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यक्रम के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में आईआईटी, रुड़की के प्रो. एस. पी. सिंह, गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के प्रो. एम.ए. अंसारी और दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के डॉ. राजीव कुमार चौहान उपस्थित रहे। इस आयोजन के अंतर्गत विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी जोधुपर से डॉ. निशांत और एनटीपीसीई स्कूल ऑफ बिजनेस डॉ. देवजीत पलित, एनआईटी कुरूक्षेत्र के सतहंस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह व कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अजय कुमार बंसल और डॉ. कल्पना चौहान सहित इस आयोजन में 50 से अधिक संकाय सदस्य, विद्यार्थी व शोधार्थी प्रतिभागिता कर रहे हैं।

## AICTE-Atal Faculty Development Programme Organised at CUH

### CUH, Oct 25, 2023

Faculty Development Programme is being organised by the All-India Council for Technical Education (AICTE) Education and Learning Academy (ATL) at the Central University of Haryana, Mahendergarh. The theme of the programme is "Microgrid with Electrical Vehicle: Intelligence and Allied Areas" lasting till October 28. The Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar by stating the importance of the programme said that this event will be beneficial for AICTE-approved educational institutions and researchers, students, and faculty members associated with them.

On the inaugural session of the programme, the Pro Vice-Chancellor of the University Prof Sushma Yadav shed light on the importance of this faculty development programme and said that through this, the path to achieving the set targets will be paved. Prof S.P. Singh from IIT Roorkee, Prof M.A. Ansari from Gautam Budha University, and Dr Rajeev Kumar Chauhan from Dayal Baag Educational Institute were present at the inaugural session as the chief speakers. Dr Nishant from IIT Jodhpur, Dr Devjeet Palit from NTPCI School of Business, and Sathansh from NIT Kurukshetra were present as the experts of the programme. The Dean of the Chair of Engineering and Technology Prof Phool Singh and the coordinators of the event Prof Ajay Kumar Bansal and Dr Kalpna Chauhan along with over 50 faculty members, students and researchers have participated in this event.

### 8.7 हकेवि में निवेश जागरूकता पर वेबिनार आयोजित

### CUH, Oct 28, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के वाणिज्य विभाग एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज अकादमी के संयुक्त तत्वाधान में निवेश जागरूकता विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रूजा सुतारिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थिति रहीं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के अधिष्ठाता प्रो. रंजन अनेजा ने स्वागत उद्‌बोधन दिया। विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष एवं व्याख्यान संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि इस प्रकार के व्याख्यान से विद्यार्थी एवं शोधार्थियों को लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ सुश्री रूजा सुतारिया ने अपने विशेषज्ञ व्याख्यान में प्राचीन में किए जाने वाले निवेश की तुलना वर्तमान में किए जाने वाले निवेश से की और उसका महत्व बताएं। उन्होंने बताया कि कितने प्रतिशत निवेश करने से लाभ हो सकता है और एक बचत में बढ़ावा कैसे लाया जा सकता है और उन्होंने वित्तीय स्थिति में सुधार करने से संबंधित पक्षों से भी प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मीणा और आयोजन समिति में प्रो. सुशीला कुमारी, डॉ. सुमन, डॉ. भूषण सिंह, डॉ. रविंद्र सम्मिलित रहे। कार्यक्रम कें अंत में डॉ. सुमन दहिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

### Webinar on Investment Awareness organised at CUH

### CUH, Oct 28, 2023

The Department of Commerce, Central University of Haryana, Mahendergarh in collaboration with the National Stock Exchange Academy organised a webinar on the topic of investment awareness. In the programme, Ruja Sutaria was presented as the expert. The Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar described such events as very beneficial for the researchers and students.

At the beginning of the event, the Dean of the School of Business and Management Studies, Prof Ranjan Aneja delivered the welcome address. Prof Aneja expressed his views on the relevance of the lecture organised by the Department of Commerce. The Head of the Department of Commerce, Central University of Haryana and coordinator of the event Dr Rajendra Meena asserted that through the lecture, researchers and students will get assistance. Ms Ruja Sutaria, the expert of the event, compared the investments made in ancient times with the investments made in the present time in her expert address and spoke about its importance. Ms Sutaria explained what percentage of investment can be profitable and how to enhance savings, and also described to the participants about aspects related to the improvement of the financial condition. The coordinator of the event Dr Rajendra Prasad Meena and Prof Sushila Kumari, Dr Suman, Dr Bhushan Singh, and Dr Ravindra were involved in the organising committee. At the end of the event, Dr Suman Dahiya delivered a vote of thanks.

### 8.8 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में राजभाषा नीति एवं क्रियान्वयन पर कार्यशाला आयोजित

### CUH, Nov 03, 2023

### -गृह मंत्रालय के उपनिदेशक (कार्यान्वयन) कुमार पाल शर्मा रहे उपस्थित

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), महेंद्रगढ़ की ओर से राजभाषा नीति एवं क्रियान्वयन विषय पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में गृह मंत्रलय, भारत सरकार के उपनिदेशक (कार्यान्वयन) श्री कुमार पाल शर्मा विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालय समय-समय कार्यशालाओं के माध्यम से कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का कार्य कर रहा है। कुलपति ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से अवश्य ही प्रतिभागियों को राजभाषा नीति को समझने व उसके कार्यान्वयन में सहायता मिलेगी।

कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित कुमार पाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में राजभाषा की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। उन्होंने राजभाषा के महत्त्व और उसकी आवश्यकता का उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह से राजभाषा के प्रति सजगता उपयोगी है। उन्होंने भारत के विकास में भाषा के महत्त्व का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित देशों को देखें तो यह स्पष्ट रूप से सामने आता है कि उनकी उन्नति निज भाषा के प्रचार-प्रसार से हुई। कार्यशाला के अंत में विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अवश्य ही विश्वविद्यालय कुलपति के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला में उपस्थित विशेषज्ञ द्वारा दी गई जानकारी से प्रतिभागी व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रतिभागी लाभांवित होंगे।

## Workshop on the Official Language Policy and Its Implementation organised at CUH

### CUH, Nov 3, 2023

A workshop focusing on the topic "Official Language Policy and Its Implementation" was organised by the Official Language Section and City Official Language Implementation Committee (NARAKAS), Mahendergarh at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. In this workshop, Mr Kumar Pal Sharma, the Deputy Director (Implementation) of the Ministry of Home Affairs, Government of India, was presented as the expert speaker. On this occasion, the Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar stated that the University is constantly working in the direction of promoting the use of the official language Hindi. For this purpose, the University is conducting training sessions for the employees through workshops from time to time. The introduction of the expert speaker was presented by Mr Mihir Mishra from Canara Bank, Gurugram. Mr Kumar Pal Sharma, present as the expert speaker of the workshop, said that the role of official language in nation-building is very essential. By mentioning the importance of the official language and its necessity, Mr Sharma explained how vigilance towards the official language is beneficial. While mentioning the usage of English and its historical contexts in India at the language level, Mr Kumar Pal inspired participants to the importance of the official language and its usage. At the end of the workshop, the Hindi Officer of the University Shailendra Singh expressed his vote of thanks.

## 8.9 हकेवि में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

### CUH, Nov, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नवप्रवर्तन व सृजन विषय पर केंद्रित इस कार्यशाला के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजको को बधाई दी। तीन दिवसीय कार्यशाला में हिंदुस्तान टाइम्स मीडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक पुनीत राजदान, टेकनोवा के प्रबंधक मोहित सैनी व उपप्रबंधक हिमांशु राठी तथा पार्कसंस पैकेजिंग लिमिटेड के वरिष्ठ महाप्रबंधक कपिल सिंह विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के प्रभारी श्री संदीप बूरा कार्यशाला के संयोजक व व सहायक आचार्य श्री अनिल कुंडू व सुश्री सुमन कुमारी ने सहसमन्वयक के दायित्व का निर्वहन किया। कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञ पुनीत राजदान ने प्रतिभागियों को समाचार पत्र उद्योग में गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता आश्वासन के महत्त्व से अवगत कराते हुए इसके विभिन्न मानकों पर

विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित मोहित सैनी व हिमांशु राठी ने ऑफसेट प्लेट मेकिंग प्रक्रिया में गुणवत्ता को नियंत्रित करने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ऑफसेट प्रिंटिंग में प्रयोग होने वाले रसायनों की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी। कार्यशाला के तीसरे व अंतिम दिन विशेषज्ञ कपिल सिंह ने प्रतिभागियों को पैकेजिंग क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियों से अवगत कराया और पैकेजिंग की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संचालन विभाग की सहायक आचार्य सुश्री सुमन कुमारी ने किया। विभाग के शिक्षकों श्री शम्मी मेहरा, श्री अनिल कुंडू व श्री तरुण सिंह ने कार्यशाला के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।

## Three-day workshop on "Innovation and Creation in the Field of Printing and Packaging Technology" organised at CUH

### CUH, Nov 10, 2023

A three-day workshop on "Innovation and Creation in the Field of Printing and Packaging Technology" was organised at the Department of Printing and Packaging Technology, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh. The Vice-Chancellor of the University Prof Tankeshwar Kumar and Pro Vice-Chancellor Prof Sushma Yadav extended their congratulations to the organisers for conducting the workshop. In the workshop, the general manager of Hindustan Times Media Limited, Puneet Rajdaan, manager of Technova Mohit Saini and assistant manager Himanshu Rathi, and the senior general manager of Parksons Packaging Limited Kapil Singh were present as the experts.

The Dean of the Chair of Engineering and Technology of the University, Prof. Phool Singh chaired the workshop. Mr Sandeep Bura, Mr Anil Kundu, and Ms Suman Kumari of Department of Printing and Packaging Technology performed the duties of the coordinators. On the first day of the workshop, the expert Puneet Rajdaan, while providing information regarding the importance of quality control and quality assurance in the business of Newspapers, extensively shed light on its various standards to the participants. On the second day, Mohit Saini and Himanshu Rathi widely discussed various aspects related to maintaining the quality in the offset plate-making process. They also provided information regarding the chemicals used in the offset printing to the participants. On the third day of the workshop, the expert Kapil Singh made the participants aware of the latest trends in the packaging sector and shed light on the importance of packaging. During the valedictory, a quiz competition was conducted. This competition was coordinated by Ms Suman Kumari. The faculty members of the department Mr Shami Mehra, Mr Anil Kundu, and Mr Tarun Singh delivered a vote of thanks at the end.

## 8.10 पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर वेबिनार आयोजित

### CUH, Nov 17, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में वेबिनार का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा स्थानीय पत्रकारिता, मुद्दे, अवसर एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित इस एक दिवसीय वेबिनार में द मसाला के संपादक सर्वमित्र कंबोज, संस्कार क्रांति के संपादक करमू व मल्टीमीडिया जर्नलिज्म की विशेषज्ञ सोनिया सत्यनिता विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहीं। वेबिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति

प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि मीडिया का काम समाज को सच बताना है। मीडिया में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वे आमजन को सच्चाई से अवगत कराएं। कुलपति ने कहा कि नई तकनीक का लाभ आमजन के साथ-साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हुआ है। उन्होंने समाज के विकास में मीडिया के योगदान की सराहना की।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रेस दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पत्रकारों को उनके कार्य के लिए सराहा जाता है और पुरस्कृत भी किया जाता है। ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरूरी है चूंकि चर्चा व संवाद से ही से विद्यार्थी पत्रकारिता क्षेत्र में चुनौतियों एवं अवसर को समझ सकेंगे।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने वेबिनार में उपस्थित विशेषज्ञों का अभिनन्दन किया और वेबिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि नई तकनीक व नए माध्यमों के कारण समाचारों की शैली एवं प्रस्तुती बदल गई है। समाचार पत्रों के स्थानीय परिशिष्टों के बजाए सोशल मीडिया के माध्यम से पत्रकारिता इस क्षेत्र में एक नई क्रांति है। वेबिनार में विशेषज्ञ सर्वमित्र कंबोज ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति के हाथ में मोबाइल है। सोशल मीडिया के समय में सोशल मीडिया पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत अवसर है। वेबिनार के दूसरे विशेषज्ञ देसी पत्रकार करमू ने सभी को प्रेस डे की बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार के जीवन में चुनौती अक्सर आती है इसे टॉनिक मानकर चलें।

## Webinar organised on National Press Day at CUH

### CUH, Nov 17, 2023

On the occasion of National Press Day, a webinar was organised by the Department of Journalism and Mass Communication, Central University of Haryana, Mahendergarh. In the one-day webinar organised on the topic “Hyperlocal Journalism, Issues, Opportunities, and Challenges” Sarvamitra Kamboj, the editor of The Masala, Karam, the editor of *Sanskar Kranti*, and Sonia Satyanita, the expert of Multimedia Journalism ware present as the experts.

While addressing the inaugural session of the webinar, the Vice-Chancellor of the university Prof Tankeshwar Kumar said that the role of media is to tell the truth to society. It is the responsibility of each and every person working in the media to make the general public aware of the truth.

The Pro Vice-Chancellor of the University, Prof Sushma Yadav, stated in her address that organisation of such events is essential since discussions and dialogues make students understand the challenges and opportunities in the field of journalism. She said that journalism is just like any other profession, be it education, medicine, law, or any other. No profession operates without ethics. The purpose of the Central University of Haryana and the Department of Journalism and Mass Communication is to produce trained and ethical journalists.

While presenting the outline of the webinar, Dr. Ashok Kumar said that with the development of new technologies and mediums, the style and presentation of the news has been changed. Instead of local supplements of newspapers, journalism through social media is a new revolution in the field. In the Webinar, the expert Sarvamitra Kamboj said that nowadays, every person has a mobile phone. During the era of social media, there are several opportunities available in the field of social media journalism. The second expert of the webinar, the local journalist Karmu, while extending his congratulations on Press Day, said that challenges often come in the life of a journalist, consider it as a tonic. Work with truth and honesty and answer people through your work. Spread your regional languages to the world. In her address, Multimedia Journalist Sonia extensively shed light on the role of women in the field of journalism and inspired participants to work with their self-identity.

## 8.11 हकेवि में संकाय संवर्धन कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**CUH, Nov 21, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग केंद्र के अंतर्गत दस दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 30 नवम्बर तक चलने वाले इस कार्यक्रम के शुभारम्भ के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि व विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सफलतम क्रियान्वयन में इस कार्यक्रम को सहयोगी बताते हुए कहा कि अवश्य ही इसके माध्यम से प्रतिभागियों को अपने-अपने संस्थानों में नई शिक्षा नीति से जुड़े विभिन्न पहलुओं को क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी।

इसी क्रम में विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विषय की महत्ता और वर्तमान में उसकी आवश्यकता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में यह आयोजन सहयोगी साबित होगा। विश्वविद्यालय में इस कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े प्रो. प्रमोद कुमार व प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि दस दिवसीय इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 53 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इससे पूर्व मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर के समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम कार्यक्रम की रूपरेखा और विशिष्ट अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अमित कुमार ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समन्वयन व संचालन डॉ. आरती यादव ने किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पवन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य डॉ. संतोष सी एच, डॉ. सुमन, डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय, डॉ. युधवीर, डॉ. नितिन गोयल, आलेख एस नायक, डॉ. नरेश कुमार, अमित, अभिषेक उपस्थित रहे।

## The Faculty Development Programme started at CUH

**CUH, Nov 21, 2023**

Ten-day Faculty Development Programme was organised under the Centre of Malviya Mission Training at the Central University of Haryana, Mahendergarh from November 21 to 30. On the occasion of the inauguration, the Vice-Chancellor Prof. Tankeshwar Kumar, by emphasising the importance of the programme in the successful implementation of the National Education Policy, stated that the participants will get the benefit for implementing various facets related to NEP in their institutions.

In the sequence, Prof Sushma Yadav, while addressing as the special guest of the event, mentioned about the significance of the subject and its importance in the contemporary scenario. Prof Yadav explained that this programme will be beneficial in achieving the targets set under the National Education Policy. Prof Pramod Kumar and Prof Surendra Singh asserted that in this ten-day workshop, 53 participants were registered from various educational institutions across the country. Before this, Prof Pramod Kumar, the former director of the Centre of Malviya Mission Training delivered the welcome speech whereas the coordinator of the event Dr Amit Kumar introduced the chief speakers to the participants. Dr. Arti Yadav coordinated and operated the event. In the end, Dr Pawan Kumar, the coordinator of the event, delivered the vote of thanks speech. On this occasion, the members of the organising committee Dr. Santosh CH, Dr. Suman, Dr. Sidharth Shankar Roy, Dr. Yudhvir, Dr. Nitin Goyal, Alekh S Nayak, Dr Naresh Kumar, Amit and Abhishek were present.

## 8.12 हकेवि में पर्यावरण स्थिरता अभ्यास विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

### CUH, Nov 23, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अंतर्गत संचालित बायोमेडिकल साइंसेज एवं सैक्टर स्किल डेवलपमेंट काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने 'पर्यावरण स्थिरता अभ्यास' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला के आयोजन के लिए विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे भविष्य के लिए एक सशक्त कदम बताया।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ लोंग लर्निंग के अधिष्ठाता प्रो. पवन कुमार मौर्य ने बताया कि पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागी विषय की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आमजन को पर्यावरण स्थिरता के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यशाला के संबंध में जानकारी देते हुए विभाग की संयोजक डॉ. ऋचा यादव ने बताया कि विश्व के समक्ष बढ़ती हुई पर्यावरणीय चुनौतियों के विषय में जानकारी देने के उद्देश्य से इस प्रकार के सर्टिफिकेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिन परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कम से कम 70 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। आयोजन में औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन विभाग की संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने भी विषय पर अपने विचारों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

## Three-day workshop on the Environmental Sustainability Practice organised at CUH

### CUH, Nov 23, 2023

A three-day workshop on "Environmental Sustainability Practice" was organised under the joint aegis of the Biomedical Sciences and Sector Skill Development Council, run under the School of Life Long Learning, Central University of Haryana, Mahendergarh. The Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar commended the efforts of the department for organising this workshop and described it as a positive step for the future. The Dean of the School of Life Long Learning of the university, Prof Pawan Kumar Maurya stated that the responsibility to save the environment lies with all of us. The coordinator of the event Dr Richa Yadav, while talking about the workshop, stated that this certificate programme was organised with the purpose of providing information regarding the increasing environmental challenges the world is facing. She also said that an examination was conducted at the end of the workshop. The participants were required to secure a minimum of 70% to get the certificate. Dr Sushma Yadav, the coordinator of the Industrial Waste Management Department of the Central University of Haryana, also shared her views on the topic with the participants. In the workshop, all the faculty members and students of the department were present.

## 8.13 हकेवि में अनुसंधान लेखन और प्रकाशन पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

### CUH, Nov 28, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा ऑनलाइन माध्यम में शोध लेखन और प्रकाशन पर पाँच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि भारत में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान की आवश्यकता है और ऐसी कार्यशालाएं अनुसंधान में शामिल लोगों को एक मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के विषय महत्त्वपूर्ण है और यह शोध लेखन में मददगार साबित होंगे।

कार्यशाला के निदेशक प्रो. रंजन अनेजा ने बताया कि यह कार्यशाला का दूसरा संस्करण है। पहला संस्करण वर्ष 2022 में आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में प्रतिभागिता हेतु पाँच देशों के 110 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और इसमें सम्मिलित हुए। कार्यशाला के संयोजक डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कार्यशाला में 09 प्रतिष्ठित मुख्य वक्ता थे जो शीर्ष स्तरीय पत्रिकाओं के प्रधान संपादक हैं। जिसमें प्रोफेसर रेबेका हैमिल्टन, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, जर्नाकल ऑफ मार्केटिंग रिसर्च शामिल हैं।

प्रो. गिआम्पोलो विगिलिया, पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और ईआईसी, मनोविज्ञान और विपणनय प्रोफेसर अरविंद रंगास्वामी, पीन स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी जर्नल ऑफ इंटरएक्टिव मार्केटिंगय प्रोफेसर क्लियोपेट्रा वेलोत्सु, ग्लासगो विश्वविद्यालय, यूनाइटेड किंगडम और ईआईसी, जर्नल ऑफ प्रोडक्ट एंड ब्रांड मैनेजमेंटय प्रोफेसर बाबू जॉन मारियाडोस, टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी और ईआईसी, मार्केटिंग इंटेलिजेंस और प्लानिंगय प्रोफेसर जस्टिन पॉल, प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय, यूएसए और ईआईसी, इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कंज्यूमर स्टडीजय प्रो. गैरी सीएमपीबेल, मिशिगन टेक्निकल यूनिवर्सिटी, यूएसए और ईआईसी, संसाधन नीतिय प्रोफेसर पी के कन्ना, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए और एसोसिएट एडिटर, जर्नल ऑफ मार्केटिंग और प्रोफेसर गोपाल दास, आईआईएम बैंगलोर, भारत और एसोसिएट एडिटर, यूरोपियन जर्नल ऑफ मार्केटिंग। इन सभी ने अलग-अलग विषयों पर विचार-विमर्श किया, जैसे ‘स्तरीय पत्रिकाओं में कैसे प्रकाशित करें’, ‘शोध के विभिन्न प्रकार क्या हैं’ और ‘साहित्य समीक्षा कैसे लिखें’।

कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. सुमन और डॉ. अमित कुमार ने विभिन्न सत्रों का समन्वय किया और उन्होंने कहा कि शोध करियर की दिशा में पहला कदम शोध के शुरुआती बिंदु को जानना है। तत्पश्चात यह लक्षित किया जाना चाहिए कि किस प्रकार के शोध लेख मौजूद हैं। कार्यशाला में सम्मिलित वक्ताओं ने अपने संबोधन में प्रस्तुति के बजाय वास्तविक जीवन के अनुभवों को साझा किया तथा वक्ताओं ने इस आयोजन के लिए समूची आयोजन समिति को बधाई दी।

## Five-day International Workshop on Research Writing and Publication organised at CUH

### CUH, Nov 28, 2023

Five-day international workshop on Research Writing and Publication was organised by the School of Business and Management Studies, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh in online mode. The Vice-Chancellor of the University, Prof. Tankeshwar Kumar, stated that there is an essential need for quality research in India and such workshops provide a platform across the globe for those who are involved in research. He further added that the topics of this workshop are noteworthy and will prove beneficial in research writing.

Prof. Ranjan Aneja, the Director of the workshop, explained that this is the second edition of the workshop. The first edition was organised in the year 2022. He also informed that this year, 110 participants registered and attended the workshop from five different nations. Dr Ajay Kumar, the Convener of the workshop, said that 09 eminent personalities who are Editor in-Chief of top-tier journals attended as the keynote speakers in this workshop. They are Prof. Rebecca Hamilton, Georgetown University, USA and EIC, *Journal of Marketing Research*, Prof. Giampaolo Vigilia, University of Portsmouth, United Kingdom and EIC, Psychology and Marketing, Prof. Arvind Rangaswamy, Peen State University, USA and EIC *Journal of Interactive Marketing*, Prof. Cleopatra Velotsou, University of Glasgow, United Kingdom and EIC, *Journal of Product and Brand Management*, Prof. Babu John Mariadoss, Texas Tech University and EIC, *Marketing Intelligence and Planning*, Prof. Justin Paul, University of Puerto Rico, USA and EIC, *International Journal of Consumer Studies*, Prof. Gary Campbell, Michigan Technical University, USA and EIC, *Resources Policy*, Prof. P K Kanna, University of Maryland, USA and Associate Editor, *Journal of Marketing* and Prof. Gopal Das, IIM Bangalore, India and Associate Editor, *European Journal of Marketing*. They all deliberated on different topics such as ‘How to publish into tier journals’, ‘What are different types of research’ and ‘How to write a literature review’.

Dr Suman and Dr Amit Kumar, the organizing secretaries of the workshop, coordinated different sessions and they also said that the first step towards a research career is to know the initial point of research. Subsequently, the aim should be to explore and identify the existing research articles and papers. In the workshop, the speakers, instead of presenting, shared their real-life experiences with the participants. The speakers also extended their congratulations to the entire organising committee for arranging the event.

## 8.14 हकेवि के स्वयंसेवकों ने साहसिक शिविर में लिया हिस्सा

### CUH, Nov 29, 2023




हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पाँच स्वयंसेवको ने हरियाणा सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीय साहसिक शिविर में प्रतिभागिता की। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान, मनाली द्वारा मैक्लोडगंज, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में आयोजित इस शिविर में विश्वविद्यालय के अमरदीप, अमन, काजल, नीकिता एवं कुसुम ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने स्वयंसेवकों को शिविर के सफलतापूर्वक सम्पन्न करने पर बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियाँ उनके सर्वांगीण कौशल विकास के लिए महत्त्वपूर्ण होती हैं।

विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने शिविर से लौटे स्वयंसेवकों से मुलाकात कर उनके अनुभवों को जाना और कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर इस तरह के आयोजन अवश्य ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मददगार साबित होंगे। विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवको ने चट्टानों पर चढ़ना, कृत्रिम दीवार पर चढ़ना, रैपलिंग, जुमारिंग, ट्रिउंड ट्रैकिंग, जिपलाइनिंग इत्यादि गतिविधियों में हिस्सा लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्वयंसेवकों के बीच आत्मनिर्भरता, नेतृत्व गुणों और टीम वर्क के प्रति जागरूक करना था ताकि वह किसी भी आपदा में आपदा मित्र बनकर खुद के साथ साथ सभी के लिए मददगार साबित हो सकें।

## CUH volunteers participated in the Adventure Camp

### CUH, Nov 29, 2023

Five volunteers from the Central University of Haryana participated in a ten-day adventure camp organised by the Ministry of Higher Education, Government of Haryana. Amardeep, Aman, Kajal, Nikita, and Kusum participated in this camp organised by Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering and Allied Sports, Manali at McLeod Ganj Dharmsala, Himachal Pradesh. The Vice-Chancellor of the Central University of Haryana, Prof Tankeshwar Kumar congratulated all the volunteers for successfully completing the camp and extended his best wishes for their bright future. The Vice-Chancellor said that along with academic activities, co-curricular activities are also important for exceptional skill development in a student's life.

The Pro Vice-Chancellor of the University, Prof Sushma Yadav interacted with the volunteers who returned from their camp and learned about their experiences. She said that the organisation of such activities at the university level will be helpful in enhancing the skill development of the students. The National Service Scheme coordinator of the university, Dr Pramod Kumar said that during this camp, the volunteers participated in various activities such as rock climbing, artificial wall climbing, rappelling, jumaring, Triund trekking, ziplining, etc. The purpose of this trekking was to develop awareness about self-reliance, leadership qualities, and teamwork among the volunteers so that they can emerge as helpers for everyone in times of crisis by becoming disaster friends, providing assistance not only for themselves but for all.

## 9. Exhibition

### 9.1 हकेवि में दुर्लभ स्कूली पुस्तकों की दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

### -अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर के सहयोग से हुआ आयोजन

### CUH, Oct 21, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय और शिक्षक शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय दुर्लभ स्कूली पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बैंगलोर के सहयोग से आयोजित इस प्रदर्शनी में तीन सौ से अधिक दुर्लभ स्कूली पुस्तकें प्रदर्शित की गई। ये पुस्तके भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों की औपनिवेशिक तथा उसके बाद के काल की थीं। पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रदर्शनी हमें याद दिलाती है कि शिक्षा एक गतिशील और निरंतर विकसित होने वाली शक्ति है। अतीत ने हमारे शैक्षिक परिदृश्य को कैसे आकार दिया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने निर्णयों और नीतियों से अवगत कराने के लिए हम इससे क्या सबक सीख सकते हैं। उन्होंने प्रो. वरदराजन नारायणन के नेतृत्व में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की पुरालेख टीम के प्रयासों की सराहना की।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की ओर से उपस्थित प्रो. वरदराजन नारायणन और श्री सिद्दू ने हकेवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार और संकाय सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। प्रदर्शनी में पाठ्य-पुस्तकों से संबंधित प्रासंगिक विषयों पर चर्चा का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल ऑफ एजुकेशन की अधिष्ठाता प्रो. सारिका शर्मा ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया। प्रो. शर्मा ने पाठ्यपुस्तक लेखन और पढ़ने के बारे में अपने विचार व अनुभव साझा किए। हकेवि के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी.एच. ने वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत करते हुए पाठ्यपुस्तक लेखन एवं शोध के संदर्भ में दुर्लभ पाठ्य पुस्तकों की प्रासंगिकता के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. नंदकिशोर ने पाठ्यपुस्तकों में भारतीय ज्ञान प्रणाली के घटकों को शामिल करने के तरीकों पर अपने विचार रखे।

आयोजन में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह और श्री नरेश कुमार ने कई विद्यार्थियों को स्कूली पुस्तक संग्रह की उपयोगिता और उनके प्रभावी उपयोग के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. दिनेश चहल, प्रो. गौरव सिंह और विभिन्न विभागों के अन्य संकाय सदस्यों सहित आयोजन में दो सौ से अधिक विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने सक्रिय प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के अंत में उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### Exhibition of Rare School Books organized in CUH

### CUH, Oct 21, 2023

Pandit Deendayal Upadhyaya Central Library and the Department of Teacher Education, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, organized a two-day exhibition on rare schoolbooks. Organised with the collaboration of Azim Premji University, Bangalore, over 300 school books were presented in this exhibition. These books were from the colonial and post-colonial periods of India and other South Asian countries. Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice Chancellor of the Central University of Haryana, inaugurated the programme. He said that this exhibition reminds us that education is a dynamic and ever-evolving force and emphasised how the past shaped our educational landscape and what lessons we can learn from it to inform our decisions and policies for future generations. He appreciated the efforts of the archive team of Azim Premji University led by Prof. Varadrajan Narayanan and also thanked him for facilitating the exhibition at the Central University of Haryana for the benefit of teachers and students.

Prof. Varadrajan Narayanan and Shree Sidhu presented on behalf of Aziz Premji University and extended their gratitude towards the Vice-Chancellor of CUH and the faculty members for their support. The exhibition also organised a discussion session on topics relevant to textbooks. During the programme, Prof Sarika Sharma, the Dean of the School of Education, welcomed all the guests and participants. Prof Sharma shared her experiences and views related to reading and writing textbooks. While introducing the speakers, the librarian of the Central University of Haryana, Dr Santosh CH, expressed his views on the relevance of writing and research textbooks. Prof Nand Kishor also expressed his views on the ways to include components of the Indian Knowledge System in textbooks.

In the programme, the assistant librarians, Dr Vinod Kumar Singh and Mr. Naresh Kumar, highlighted the importance of the school book collection and its effective use. The event was coordinated by the information scientist Dr Vinita Malik. During the programme, Prof Pramod Kumar, Prof Dinesh Chahal, Prof Gaurav Singh, and other faculty members from different departments, along with over 200 researchers and students, actively participated. At the end of the event, Dr Rajeev Vashishth, the Deputy Librarian delivered a vote of thanks.

## 10. Skill Enhancement

### 10.1 हकेवि में फिजिक्स एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम आयोजित

### CUH, Oct 19, 2023

हरियाणा केंद्रीय विश्वविश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की आवृति फिजिक्स एसोसिएशन द्वारा गुरुवार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भौतिकी और खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने की। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने उद्घाटन भाषण द्वारा फिजिक्स एसोसिएशन के माध्यम से की गई विभिन्न पहलों के लिए तथा विभाग में नेट/गेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या के लिए भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग को बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से एमएससी शोध प्रबंध विद्यार्थियों को टीआईएफआर मुंबई, आईआईटी, आरआरसीएटी, एसआईएनपी, आईआईएसईआर आदि प्रसिद्ध संस्थानों में अपने शोध कार्य करने के लिए भी बधाई दी। उन्होंने शैक्षणिक अभ्यास के अलावा अनुभवात्मक और बहुआयामी शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया।

प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने फिजिक्स एसोसिएशन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए विभाग द्वारा की गई विभिन्न पहलों और विद्यार्थियों की उपलब्धियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। इससे पूर्व विभाग के सह आचार्य डॉ. अंकुश विज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया और फिजिक्स एसोसिएशन के उद्देश्यों और इसकी कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को अवगत कराया। आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रो. सुनील कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रामोवतार, डॉ. रमन, डॉ. बबीता, डॉ. प्रिया, डॉ. विजय, डॉ. गौरव सहित विभाग के विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

### Event organised by the Frequency Physics Association at CUH

### CUH, Oct 19, 2023

The inaugural programme of the academic session 2023-2024 was organised on Thursday by the Frequency Physics Association of the Department of Physics and Astrophysics, Central University of Haryana, Mahendergarh. The Vice-Chancellor of the university, Prof Tankeshwar Kumar, was presented as the chief guest of the event. The Head of the Department of Physics and Astrophysics, Prof Sunita Shrivastava, chaired the event. In his inaugural address, Prof Tankeshwar Kumar congratulated the Department of Physics and Astrophysics for their various initiatives taken through the Physics Association. He also congratulated for the increasing number of students qualifying the NET/GATE examination in the department.

The Vice-Chancellor specially congratulated the MSc dissertation students for doing their research work in renowned institutions like TIFR Mumbai, IIT, RRCAT, IISCR, etc. He stressed on the importance of experiential and multidimensional learning in addition to academic practices.

The event started with Ganesh Vandana and the University anthem. The Head of the Department of Physics and Astrophysics, Prof Sunita Shrivastava, welcomed the chief guest. Prof Shrivastava, by highlighting the importance of the Physics Association, made the participants aware of the various initiatives taken by the department and the achievements of the students. Before this, the assistant professor of the department, Dr Ankush Vij, delivered the welcome speech and explained the objectives and functions of the Physics Association to the participants. The students also presented cultural performances at this event.

### 10.2 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने कौशल संवर्धन के लिए समूह चर्चा का हुआ आयोजन

### CUH, Nov 03, 2023



विद्यार्थियों के संचार कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. आकाश सक्सेना ने विद्यार्थियों में समग्र विकास को बढ़ावा देने, उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा हेतु आवश्यक कौशल से लैस करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया कि इस चर्चा के लिए सौ से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया। आयोजन में विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय के अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुदीप कुमार ने 'शिक्षा में प्रौद्योगिकी की भूमिका' और 'पर्यावरण संरक्षण' विषयों पर विस्तार से चर्चा की। आयोजन से न केवल प्रतिभागियों के संचार कौशल को बढ़ाने में मदद मिली बल्कि आलोचनात्मक सोच को भी बढ़ावा दिया। साथ ही उन्हें शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रासंगिक मुद्दों पर विचार करने का अवसर भी मिला। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के उपनिदेशक डॉ. सूरज आर्य व डॉ. तरुण कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### Group discussion for skill enhancement organised at CUH

### CUH, Nov 03, 2023

A group discussion to enhance the communication skills of students was organized by the Training and Placement Cell of the Central University of Haryana, Mahendergarh. The Vice-Chancellor of the university, Prof Tankeshwar Kumar commended the efforts of the Training and Placement Cell for organising this group discussion. On this occasion, the Director of the Training and Placement Cell, Prof Aksh Saxena reiterated the commitment to promote the holistic development of students and equip them with the skills required for the global competition. Prof Saxena also informed that over 300 students have registered for this discussion. In the programme, Dr. Sudeep Kumar, the assistant professor from the Department of English and Foreign Languages, was present as the expert. He extensively discussed the topics such as "The Importance of Technology in Education" and "Environment Protection". This programme not only helped in enhancing communication skills of the participants but also helped in promoting critical thinking. They also received the opportunity to discuss relevant issues in the field of education and environment protection. Dr Suraj Arya and Dr Tarun Kumar from the Training and Placement Cell played a significant role in organising the event.

### 10.3 हकेवि में बुकमार्क डिजाइन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**CUH, Nov 20, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को बुकमार्क डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने संदेश के माध्यम से आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी और बताया कि कैसे किताबें व रंग हमें व्यवस्थित रखने में मददगार साबित होते हैं। कार्यक्रम की समन्वयक व सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनिता मलिक ने बुकमार्क के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। विश्वविद्यालय के उप-पुस्ताकलयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत कराया। सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया और बुकमार्क के महत्त्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के डॉ. श्रीराम पांडे, शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग से डॉ. स्वाति चौधरी निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

### Bookmark Competition organized at CUH

**CUH, Nov 20, 2023**

Pandit Deendayal Upadhyaya Central Library conducted a Bookmark Design Competition at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh during the National Library Week from 20-24 November 2023. This programme was organised under the guidance and leadership of Prof. Tankeshwar Kumar, the Vice Chancellor of the University. Over 60 students from various Departments of the University participated in the event.

The University Librarian, Dr Santosh CH, extended his congratulations for the successful organisation of the event and said how books and colours prove helpful in keeping us organized. The coordinator of the event, Information Scientist Dr Vinita Malik, made the participants aware of the importance of bookmarks. She said how bookmarks are useful in saving time. The Deputy Librarian, Dr Rajeev Vasistha, shared the rules of the competition with all the participants. He also highlighted the relevance of bookmarks to book access. Dr Vinod Kumar Singh, the assistant librarian and the coordinator of the event, expressed his views regarding the importance of bookmarks. Dr Shri Ram Pandey from the Department of Library and Information Science and Dr Swati Chowdhary from the Department of Physical Education played the role of judges in the competition. The winning participants were awarded at the end of the programme.

### 10.4 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में पुस्तक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन

**-राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत हुआ आयोजन**

**CUH, Nov 21, 2023**



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा 20 से 24 नवम्बर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के तहत मंगलवार को पुस्तक कवर डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि कैसे किताब और रंग जीवन को व्यवस्थित करने और जीवन को व्यवस्थित रखने में मदद करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोग किताबों को उसके कवर से आंकते हैं। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने अपने संदेश के माध्यम से इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजन की समन्वयक एवं सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने कहा कि पुस्तक का कवर केवल सजावट का तरीका नहीं है, इसमें पुस्तक की कहानी का सारांश भी होता है। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियम साझा किए।

सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने भी पुस्तक कवर के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। पुस्तक कवर डिजाइन प्रतियोगिता में अंकिता ठाकुर ने प्रथम, मीना कुमारी ने द्वितीय तथा पी.एम. तेजस्विनी व पुष्पा परिहार ने संयुक्त तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में होटल एवं पर्यटन विभाग के डॉ. विवेक बाल्यान व पोषण जीवविज्ञान विभाग की डॉ. अनिता कुमारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

## Book Cover Design Competition organized at CUH

### CUH, Nov 21, 2023

Pandit Deendayal Upadhyaya Central Library conducted a Book Cover Design Competition at Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh during the National Library Week from 20-24 November 2023. The University Librarian, Dr Santosh CH, extended his congratulations for the successful organisation of the event through a message. The coordinator of the event and information scientist Dr Vinita Malik said that a book cover is not just a way of decoration. It also contains the essence of the story of the book. The book cover is very helpful for the attraction of the readers. She also informed that almost 70 students and researchers from different departments of the university participated in the competition. The Deputy Librarian, Dr Rajeev Vasistha, shared the rules of the competition with all the participants. Dr Vinod Kumar Singh, the assistant librarian expressed his views on the importance of book covers. Dr Vivek Balyan from the Department of Hotel and Tourism and Dr Anita Kumari from the Department of Nutrition Biology played the role of judges in the competition. Ankita Thakur secured the first rank, Meena Kumari second and P.M. Tejaswinee and Pushpa Parihar secured the third place in the competition. In the end, the winning participants were awarded.

## 10.5 हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

### -राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत हुआ आयोजन

### CUH, Nov 22, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा 20 से 24 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत बुधवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से कहा कि वाद-विवाद प्रतियोगिता सरीखे आयोजन विद्यार्थियों की तार्किक शक्ति के विकास में मददगार होते हैं।

शिक्षा पीठ के सम्मेलन कक्ष में यह वाद-विवाद प्रतियोगिता 'क्या आज की पीढ़ी किताबें पढ़ती हैं' विषय पर आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने संदेश के माध्यम से आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम के समन्वयक व सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि वाद-विवाद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विश्वविद्यालय की सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनिता मलिक ने प्रतियोगिता के नियम प्रतिभागियों के साथ साझा किए। विश्वविद्यालय के उप पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने पुस्तकों के महत्त्व से प्रतिभागियों को अवगत कराया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में पराक्रम ने प्रथम, सानंद त्रिपाठी ने द्वितीय तथा सूरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में पर्यावरण अध्ययन विभाग की डॉ. मोना शर्मा तथा संस्कृत विभाग के डॉ. देवेंद्र सिंह राजपूत निर्णायकों के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## Debate competition organised at the Central University of Haryana

### CUH, Nov 22, 2023

Under the National Library Week, a debate competition was conducted on Wednesday. The Vice-Chancellor of the University, Prof Tankeshwar Kumar, said in a message that events like debate competitions are helpful in developing students' rational power.

The debate competition was conducted on the topic "Does today's generation read books?" at the seminar hall of the Education Chair. Dr Santosh CH, the Librarian of the University, extended his congratulations for the organisation of the event through a message. The coordinator of the event and the Deputy Librarian, Dr Vinod Kumar, informed that 50 students from the different departments of the university participated in this debate competition. He inspired the participants to read books for the development of writing skills and creativity. The information scientist at the university, Dr Vinita Malik, shared the rules of the competition with the participants. The Deputy Librarian of the University, Dr Rajeev Vasishta, made the participants aware of the importance of books. In the debate competition, Parakram secured the first rank, Sanand Tripathi second, and Suraj secured the third rank. Dr Mona Sharma from the Department of Environmental Studies and Dr Devendra Singh Rajput from the Department of Sanskrit played the role of judges in the programme. The winning participants were awarded at the end.

### 10.6 हकेवि में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

### CUH, Nov 23, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा 20 से 24 नवम्बर तक आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने संदेश के माध्यम से कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की समन्वयक एवं सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने भावनाओं की अभिव्यक्ति में रंगों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे रंग परिवेश के प्रति प्रतिक्रिया पैदा करने में मदद करते हैं। विश्वविद्यालय के उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने कार्यक्रम का संचालन किया और बताया कि कैसे रंग जीवन को व्यवस्थित करने और जीवन को सुव्यवस्थित रखने में मदद करते हैं। सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियम बताए। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. रेनू और शिक्षा विभाग से श्री दिलीप पटेल ने निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। इस रंगोली प्रतियोगिता में नेहा व मनोरमा की टीम प्रथम, अंकिता व मोनालिसा की टीम द्वितीय तथा आद्या, नेत्रशा व मीना कुमारी की टीम तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### Rangoli Competition organized at CUH

### CUH, Nov 23, 2023

Pandit Deendayal Upadhyaya Central Library, Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, conducted a Rangoli Competition on November 23 under the National Library Week. The Librarian, Dr Santosh CH, through a message, extended his congratulations to the library team for the successful organisation of the programme.

The Information Scientist and coordinator of the event, Dr Vinita Malik, shed light on the importance of colours in expressing feelings and emotions. Colours help create a response to our surroundings and can influence our perspective and senses. The Deputy Librarian, Dr Rajeev Vasistha, convened the program and shared how colours help organise life and keep life in order. Dr Vinod Kumar, the Assistant Librarian, shared the rules of the competition with all the participants. Dr Renu from the Department of Economics and Mr Dilip Patel from the Department of Education played the role of judges in the competition.

The team led by Neha and Manorama secured the first rank, Ankita and Monalisa second, and Adya, Netrasha and Meena Kumari secured third place in the competition. The winning participants were awarded at the end of the programme.

### 10.7 हकेवि में राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह का हुआ समापन

### -निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### CUH, Nov 24, 2023



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत अंतिम दिन शुक्रवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के मार्गदर्शन व निर्देशन में डिजिटल युग में पुस्तकालय का महत्त्व विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।

विश्वविद्यालय की शिक्षा पीठ में आयोजित इस कार्यक्रम में पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. संतोष सी एच ने संदेश के माध्यम से राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के सफल आयोजन के लिए पुस्तकालय टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के समन्वयक एवं उप-पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राजीव वशिष्ठ ने बताया कि आज के डिजिटल युग में लेखन कौशल और रचनात्मकता को बेहतर बनाने के लिए पुस्तकालयों का उपयोग कैसे किया जाए। विश्वविद्यालय की सूचना वैज्ञानिक डॉ. विनीता मलिक ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियम साझा किये। कार्यक्रम में सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह ने आज की पीढ़ी के लिए पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सिद्धार्थ शंकर राय तथा अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग विभाग की सहायक आचार्य डॉ. स्नेहसता कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्वेता राठी ने प्रथम, हृषिकेश प्रधान ने द्वितीय तथा रक्षित राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### National Library Week concludes at CUH

### CUH, Nov 24, 2023

Under the National Library Week organised by the Pandit Deendayal Upadhyay Central Library of the Central University of Haryana, Mahendergarh, an essay writing competition was conducted on the last day on Friday. This programme was organised on the topic "The Importance of Library in the Digital Era".

The Librarian, Dr Santosh CH, through a message, extended his congratulations to the library team for the successful organisation of the National Library Week, organised in the Education Chair of the University. The convenor of the programme and Deputy Librarian, Dr Rajeev Vashishth, explained how to use libraries to improve writing skills and creativity in today's digital era. The information scientist, Dr Vinita Malik, shared the rules of the competition with the participants and expressed her views on the topic. In the programme, Dr Vinod Kumar Singh, the assistant librarian, shed light on the importance of books for younger generations. The assistant professors, Dr Sidharth Shankar Rai from the Department of Hindi and Dr Snehsata from the Department of English and Foreign Languages, were present as the judges. Shweta Rathi secured the first rank, Rishikesh Pradhan second, and Rakshit Raj secured the third rank in the competition. At the end of the event, the winning participants were awarded.

## 11. Inauguration

### 11.1 मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र का हुआ उद्घाटन

**CUH, Oct 20, 2023**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा प्रायोजित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) का औपाचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन के साथ-साथ केंद्र की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित आठ दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) की भी शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय सहित देश भर के 11 उच्च शिक्षण संस्थानों के 30 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने भारतीय मूल्यों को उजागर करने, ज्ञान और कौशल को अद्यतन करने व समाज की आवश्यकताओं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के साथ तालमेल बैठाकर बेहतर शिक्षण, सीखने और अनुसंधान के लिए शिक्षकों में दक्षता बढ़ाने के लिए एमएमटीटीसी के महत्त्व पर जोर दिया।

इसके पश्चात केंद्र के निदेशक व समन्वयक प्रो. प्रमोद कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए केंद्र के उद्देश्यों और भविष्य के पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आरती यादव ने संकाय विकास कार्यक्रम के विषय के संबंध में प्रतिभागियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के प्रोफेसर कौशल किशोर ने 'ड्यूल डिग्री एंड एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स' पर चर्चा की। उन्होंने ड्यूल डिग्री की अवधारणा को समझाया और यह कैसे विद्यार्थियों को एक साथ दो डिग्री हासिल करने में मदद कर सकता है। उन्होंने एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) और विद्यार्थियों के लिए इसके लाभों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में मंच का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुमन ने किया तथा विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष व आयोजन टीम के सदस्य डॉ. संतोष सी. एच. ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### Malaviya Mission Teacher Training Centre inaugurated at CUH

**CUH, Oct 20, 2023**

The Malaviya Mission Teacher Training, sponsored by the University Grants Commission at the Central University of Haryana (CUH), Mahendergarh, was formally inaugurated by the Vice-Chancellor of the university, Prof Tankeshwar Kumar. Along with the inauguration, an eight-day Faculty Development Programme (FDP) based on the National Education Policy 2020 was also started by the Centre. In this programme, over 30 participants from 11 higher educational institutions across India registered themselves. The Vice-Chancellor highlighted the importance of holistic and multidisciplinary education in the 21st century. He emphasised that we must ensure the holistic development of the teachers and learners with the inculcation of ethics and human values and develop multidisciplinary and critical thinking abilities as per the NEP-2020.

